RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 232 | कुशीनगर | बुधवार 23 जून, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रुपये





### धर्मातरण पर अब योगी एक्शन में: सीएम का आदेश

# एक भी दोषी बचना नहीं चाहिए

### रासुका लगाकर सभी की संपत्ति जब्त हो, एसटीएफ ने नोएडा की स्कूल संचालिका को भी उठाया

लखनऊ,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में मौलाना द्वारा धर्म परिवर्तन मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्रवाई के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जो भी इस काम में शामिल हैं। उन सभी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (छै।) और गैंगस्टर लगाया जाए। उनकी संपत्ति भी जब्त हो। हर पहलू की विस्तार से जांच होनी चाहिए। सभी दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। एक भी दोषी बचना नहीं चाहिए। ।ज्ै ने मौलाना उमर और जहांगीर को 7 दिन के लिए रिमांड पर लिया है। नोएडा की डेफ सोसाइटी स्कूल की संचालिका से एसटीएफ कर रही पूछताछ वहीं, यूपी एटीएस ने धर्मान्तरण मामले में दो मौलानाओं को गिरफ्तार करने के बाद छानबीन तेज कर दी है। अब तक की पड़ताल में सामने आया कि जिस नोएडा डेफ सोसाइटी स्कूल के मूक बधिर बच्चों का धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा था। उसके प्रबंधन और स्टाफ की भी भूमिका संदिग्ध है। एटीएस टीम स्कूल की संचालिका पश्चिम बंगाल निवासी रोमा रोका को सोमवार से लखनऊ स्थित एटीएस मुख्यालय लाकर पूछताछ कर रही है। साइन लैंग्वेज पढ़ाने वाली महिला टीचर की तलाश एटीएस की छानबीन में पता चला कि नोएडा डेफ सोसायटी स्कूल में मूक बधिर बच्चों को साइन लैंग्वेज पढ़ाने वाली एक महिला टीचर के जरिए मौलाना उमर ने स्कूल के बच्चों तक अपनी पहुंच बनाई थी। इसके बाद मौलाना के दावा इस्लामिक सेंटर ने एक-एक करके 18 बच्चों का धर्मान्तरण करवा दिया। इसकी जानकारी के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना नहीं दी। मौलानाओं की गिरफ्तारी होने के बाद से साइन लैंग्वेज पढ़ाने वाली महिला टीचर लापता है। टीम उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। स्कूल के बाकी स्टाफ से भी लगातार पूछताछ चल रही है। मूक बधिर छात्र के पिता का वीडियो सामने आया मौलानाओं की गिरफ्तरी के बाद गुरुग्राम के जिस मूक बधिर छात्र मुन्नू यादव का धर्म परिवर्तन करवाया गया था, उसके पिता राजीव यादव का एक वीडियो सामने आया। राजीव बता रहे हैं कि उनके बेटे को धोखे से मुस्लिम बनाया गया। इसकी जानकारी होने के बाद उन्होंने गुड़गांव पुलिस से संपर्क किया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस्लाम अपनाने के बाद बेटा घरवालों को वीडियो कॉल करके इशारों में आतंकी बनने की बात कहता था। विरोध करने या पुलिस को सूचना देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। राजीव का कहना है कि उन्होंने स्कूल प्रबंधन को पूरे मामले की जानकारी दी लेकिन पूरा स्टाफ खामोश रहा। दोनों पश्चिमी न्च के रहने वाले हैं। इन्हें विदेश से संचालित एक मुस्लिम संगठन फंडिंग भी कर रहा था। ।ज्ै उसके बारे में जानकारी जुटा रही है। दोनों पश्चिमी न्च के रहने वाले हैं। इन्हें विदेश से संचालित एक मुस्लिम संगठन फंडिंग भी कर रहा था।

### धर्म के धंधेबाजों के खिलाफ

## योगी के सख्त कदम



- राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) लगे।
- गैंगस्टर लगाया जाए।
- सभी की संपत्ति भी जब्त हो।
- हर पहलू की विस्तार से जांच हो।
- सभी दोषी जल्द गिरफ्तार किए जाएं।



देशभर में रोजाना किसी ना किसी इलाके में मानूसन और प्री-मानसून की बरसात हो रही है। मौसम विभाग की तरफ से रोजाना बारिश का अलर्ट जारी किया जा रहा है। फिलहाल दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के ज्यादातर इलाकों में सक्रिय हो चुका है, लेकिन उत्तरी क्षेत्रों में पहुंचने में उसकी रफ्तार कम हो गई है।

## यूपी से बहकर बंगाल आ रहे शवः ममता



कोलकाता,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश से बहुत से शव गंगा में बहकर बंगाल आ गए हैं, जिनसे नदी का पानी प्रदूषित हुआ है। उन्होंने कहा कि मालदा जिले में नदी में सड़े-गले शव देखे गए हैं, जिनमें से कुछ का अंतिम संस्कार राज्य सरकार ने किया है। बनर्जी ने राज्य सचिवालय में संवाददाताओं से कहा, "उत्तर प्रदेश से बहुत से शव नदी में बहकर पश्चिम बंगाल आ गए हैं। मालदा में हमने कुछ शव देखे हैं। हमने उनमें से कुछ का अंतिम संस्कार कर दिया है।" गंगा नदी उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से होकर गुजरती है और बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है।

## जाति प्रमाणपत्र मामला: नवनीत कौर राणा को सुप्रीम कोर्ट से राहत

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने अमरावती से लोकसभा सदस्य नवनीत कौर राणा के जाति प्रमाण-पत्र को निरस्त करने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाई है। इससे पहले नवनीत राणा को बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच से जबरदस्त झटका लगा था। दरअसल, कोर्ट ने सांसद नवनीत राणा का जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया था। इतना ही नहीं, कोर्ट की ओर से नवनीत राणा पर दो लाख का जुर्माना भी लगाया गया था। नवनीत राणा पर फर्जी डॉक्यूमेंट के आधार पर कास्ट सर्टिफिकेट बनवाने का आरोप लगा था। कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि उसने जाली और फर्जी दस्तावेजों का उत्पादन करके जाती जांच समिति से धोखे से सत्यापन किया था इसलिए जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया गया और जब्त कर लिया गया है। कोर्ट के फैसले पर सांसद नवनीत राणा ने कहा कि मैं इस देश के नागरिक के रूप में कोर्ट के आदेश का सम्मान करती हूं। मैं सुप्रीम कोर्ट जाऊंगी। मुझे विश्वास है कि न्याय मिलेगा।



### कोरोना पर राहुल गांधी: कांग्रेस नेता ने कहा...

# प्रधानमंत्री का फोकस बंगाल पर था

नई दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में कोरोना के हालात को लेकर मोदी सरकार पर लगातार हमलावर रहे हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने मंगलवार को भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि कोरोना की दूसरी लहर में प्रधानमंत्री का फोकस ऑक्सीजन पर नहीं बल्कि बंगाल पर था। लोगों की जान प्रधानमंत्री के आंसुओं से नहीं बल्कि ऑक्सीजन से बचाई जा सकती थी। कांग्रेस नेता ने कोविड मिसमैनेजमेंट पर एक रिपोर्ट भी जारी की है। उन्होंने इसे श्व्हाइट पेपरश नाम दिया है। राहुल का कहना है कि इस श्व्हाइट पेपरश का मकसद कोरोना की तीसरी लहर से बचने में देश की मदद करना है। दूसरी लहर सरकार की लापरवाही की वजह से खतरनाक हुई। अब तीसरी लहर के लिए हमें पहले से ही तैयारी करनी होगी। इसमें वो गलतियां नहीं होनी चाहिए, जो पहले की गईं। कोरोना से लड़ाई का सबसे बड़ा हथियार वैक्सीनेशन है। सरकार को तेजी से वैक्सीनेशन ड्राइव को बढ़ाना होगा। राहुल ने कहा कि वायरस लगातार म्यूटेड हो रहा है। एक्सपर्ट्स ने पहले ही दूसरी लहर की चेतावनी जारी की थी। इसके बाद भी सरकार ने समय पर कदम नहीं उठाए। इसलिए हमने इस पेपर में पूरी डीटेल के साथ उन गलतियों के बारे में बताया है और तीसरी लहर से लड़ने के लिए सुझाव भी दिए हैं। पुरानी गलतियों को सुधार कर ही थर्ड वेव से लड़ा जा सकता है। राहुल ने कहा कि श्व्हाइट पेपरश का मकसद रास्ता दिखाने का है। हमने 4 मेन पॉइंट दिए हैं। पहला- तीसरी लहर की तैयारी अभी से शुरू की जाए। पिछली गलतियों को फिर से न दोहराया जाए। दूसरा- इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाए। ऑक्सीजन, बेड, दवा की कमी न हो। थर्ड वेव में हर गांव, हर शहर में ऑक्सीजन जैसी सुविधाओं की कमी नहीं होनी चाहिए। तीसरा- कोरोना बायोलॉजिकल बीमारी नहीं है, यह इकोनॉमिकल-सोशल बीमारी है। इसलिए सबसे गरीब लोगों, छोटे उद्योग-धंधों को आर्थिक सहायता देने की जरूरत है।

### सरकार को राहुल के 4 सुझाव



1. तीसरी लहर की तैयारी अभी से शुरू की जाए
2. ऑक्सीजन, हॉस्पिटल बेड, दवा की कमी न हो
3. गरीबों को आर्थिक मदद देने की जरूरत
4. कोरोना से हुई मौतों पर परिवार को मुआवजा

## दिल्ली से बुलावे पर फारुख अब्दुल्ला के घर गुपकर गैंग का मंथन

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली से 24 तारीख को सर्वदलीय बैठक में जम्मू कश्मीर के विभिन्न राजनीतिक दलों को आमंत्रित किए जाने के बाद आज पीपल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन की बैठक हो रही है। यह बैठक पूर्व मुख्यमंत्री और एनसी के प्रमुख फारुख अब्दुल्ला के घर पर हो रही हैं। इस बैठक में जम्मू कश्मीर के सभी विपक्षी नेता शामिल होंगे। माना जा रहा है कि दिल्ली के बुलावे पर इस बैठक में निर्णय हो सकता है। पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को छोड़कर बाकी के सभी नेता दिल्ली से बातचीत करने के पक्ष में है। महबूबा को लेकर अब भी संशय की स्थिति बरकरार है। पीडीपी ने जहां अपनी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को बैठक में शामिल होने के बाबत अंतिम निर्णय लेने का अधिकार दिया है। वहीं, गठबंधन बैठक के बाद संयुक्त रणनीति के साथ सामने आ सकता है। इस बीच, नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) ने सोमवार को कहा कि यह अच्छा है कि केंद्र ने यह महसूस किया है कि मुख्यधारा के क्षेत्रीय दलों के बगैर केंद्र शासित प्रदेश में चीजें काम नहीं करेंगी। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 के तध्हत प्रदेश को मिले विशेष दर्जे के अधिकतर प्रावधानों को वापस लेते हुये जम्मू कश्मीर प्रदेश को दो केंद्र शासित क्षेत्रों – जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख– में बांट दिया था। उधर, पीएजीडी के अन्य सहयोगियों माकपा, भाकपा, पीपुल्स मूवमेंट और अवामी नेशनल कांफ्रेंस ने बैठक के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहा है।



## ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले परिवारों को किया जाएगा पुरस्कृत

*एक लाख रुपए के साथ प्रमाण पत्र और ट्रॉफी भी मिलेगी*

आइजोल,(एजेंसी)। देश में जहां एक तरफ जनसंख्या नियंत्रण के विषय पर चर्चा फिर शुरू हो गई है। वही दूसरी तरफ मिजोरम में सबसे ज्यादा बच्चों वाले माता-पिता को पुरस्कृत करने का विचार किया जा रहा। असम के बाद उत्तर प्रदेश ने टू चाइल्स पॉलिसी बनाने के निर्णय किया है। जिसके तहत दो से अधिक बच्चों वाले परिवारों को सरकारी योजनाओं से वंचित रखा जाएगा। इसके लिए मसौदा तैयार किया जा रहा है। वहीं, दूसरी तरफ मिजोरम के एक मंत्री का बयान सुर्खियों में छाया हुआ है। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में सबसे अधिक बच्चों वाले माता-पिता के लिए एक लाख रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। उनके इस कदम का उद्देश्य कम जनसंख्या वाले मिजो समुदायों को जनसंख्या वृद्धि को लिए प्रोत्साहित करना है।



## बिहार में जारी आफत की बारिश

पटना,(एजेंसी)। बिहार में पिछले 10 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। उत्तरी बिहार और सीमांचल के इलाके में बारिश की वजह से जलभराव की भयंकर स्थिति देखी जा रही है। बारिश की वजह से शहरों की दुकान और घरों में पानी घुस रहा है। इसके अलावा नदियों का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। गंडक, बूढ़ी गंडक, कमला बालन, कोसी, महानंदा, प्ररमान जैसी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। गंगा के जलस्तर में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। गांवों में पानी घुस जाने की वजह से लोग अपने घरों को छोड़कर ऊंचे स्थान पर जाने को मजबूर हो रहे हैं। इसके अलावा नेपाल की ओर से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है जिसकी वजह से नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। प्रशासन की ओर से एसडीआरएफ की टीम को लगाया गया है। पश्चिम चंपारण के लगभग 13 प्रखंड बाढ़ की वजह से प्रभावित है। गोपालगंज और सारण में भी गंडक के किनारे बसे गांवों में पानी घुस चुका है। जल संसाधन विभाग की ओर से कहा गया है कि लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है और उसके अनुसार ही कार्रवाई हो रही है। चिंता की बात तो यह भी है।



## देश को लुटेरों से बचाने के लिए जरूरी ट्रिपल टी फार्मूला: राकेश टिकैत

नई दिल्ली,(एजेंसी)। कृषि कानून पर बीते 7 महीनों से किसान दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में किसान नेता अब ट्रिपल टी फार्मूला का जिक्र कर आंदोलन को तेज करने की कवायद में लगे हुए हैं। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा है, देश को लुटेरों से बचाने के लिए तीन चीजें जरूरी हैं। सरहद पर टैंक, खेत में ट्रैक्टर, युवाओं के हाथ में ट्विटर। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने आरएनएस से ट्रिपल टी फार्मूला के बारे में बताया कि जो किसान खेत मे काम करता है वही आकर सरहद पर टैंक चलाते हैं। साथ ही वही व्यक्ति खेत में ट्रैक्टर भी चलाते हैं। हमारे देश में बहुत फौजी है, जो खेत मे ट्रैक्टर, सरहद पर टैंक और फोन में ट्विटर चलाते हैं, यही है ट्रीपल टी फार्मूला। इससे आंदोलन के साथ-साथ देश को भी फाएदा होगा। यदि किसान ट्रैक्टर चलाना भूल गया तो खेती हो जाएगी क्या? वहीं सरहदों पर फौजी टैंक चलाना भूल गया तो सुरक्षा कैसे होगी? जितनी मजबूती से किसान अनाज पैदा करता है, उतनी ही मजबूती से टैंक चलाता है। वहीं अपनी बात कहने के लिए ट्विटर का भी इस्तमाल हो।



# पिछले वर्क्ष बीमारियों से ग्रसित क्षेत्रों पर दें ध्यान-डीएम

मैनपुरी । जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने 01 जुलाई से 31 जुलाई तक आयोजित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कहा कि वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु सभी संबंधित अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य करें। संचारी रोगों के बचाव, रोकथाम हेतु शहरी-ग्रामीण क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर जल निकासी के उचित प्रबंध कराएं। गत वर्ष जिन क्षेत्रों में वैक्टर जनित बीमारियों से ग्रसित मरीज मिले हैं उन्हें चिन्हित कर नियमित रूप से फॉगिंग, सफाई का कार्य कराया जाए। तालाबों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता पर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस समय कोरोनावायरस से बचाव हेतु टीकाकरण सर्वोच्च प्राथमिकता में है, टीकाकरण के कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए, जहां भी टीकाकरण सत्र आयोजित हो रहे हैं वहां टीकाकरण करने वाली टीम निर्धारित समय प्रातः 09 बजे प्रत्येक दशा में उपस्थित होकर लोगों का वैक्सीनेशन करें, इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों, समय से उपस्थित न होने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए। गठित सभी निगरानी समितियां निरंतर सक्रिय रहकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करें, सभी समितियों के पास इंन्फ्रारेड थर्मामीटर, पल्स ऑक्सीमीटर चालू दशा में उपलब्ध रहें, गठित समितियों के सदस्यों से संचारी रोगों की रोकथाम मे भी सहयोग लिया



जाए। डीएम ने कहा कि माइक्रो प्लान बनाकर तत्काल फॉगिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव कराएं, ग्रामों में नालियों की साफ-सफाई, झाड़ियों को कटवाना, उथले हैण्डपंम्पों को लाल रंग से चिन्हीकरण, इण्डिया मार्का-2 हैंड पम्प, प्लेट फार्म की मरम्मत, ग्रामवासियों के साथ साफ-सफाई की प्रतिज्ञा, ग्रामीण क्षेत्रों में आवादी के बीच वाले तालाबों को अपशिष्ट तथा प्रदूषण मुक्त रखने, आवासीय क्षेत्रों के आस-पास छछून्दर, चूहों आदि को नियंत्रित करने, आबादी वाले क्षेत्र से सूकर बाडों को दूर करने, जानवरों के पालन स्थल को स्वच्छ रखाने, खुले में शौच न करने एवं सभी स्तरों पर विभिन्न विभागों से नियमित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर लोगों को जागरूक किया जाये। उन्होने कहा कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, शिक्षा, कृषि, नगर विकास, पशु पालन विभाग के अधिकारी निर्धारित माईक्रोप्लान के अनुसार अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों को ससमय पूर्ण करायें, अपने-अपने विभाग के तहसील, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों को संचारी रोगों की रोकथाम के सम्बन्ध में करने वाले कार्यों के प्रति जागरूक करें, अभियान से पूर्व उन्हें प्रशिक्षण दिया जाये। उन्होने अधिशाषी अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अभियान के दौरान साफ-सफाई, फॉगिंग के कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाये, सुनिश्चित किया जाये कि शहरी, ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ए.के. पाण्डेय ने बताया कि पूर्व की भांति इस बार भी संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं बचाव हेतु इस वर्ष का प्रथम संचारी रोग नियन्त्रण पखवाड़ा, दस्तक अभियान दि. 01 से 31 जुलाई तक मनाया जायेगा। उन्होने बताया कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारी डेंगू, मलेरिया, बुखार आदि का प्रभाव वर्षा ऋतु के मौसम में लगातार होता रहता है। दस्तक अभियान, संचारी रोग नियंत्रण पखवाडा आयोजित किये जाने की योजना बनाई गयी है। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में संचारी रोगों की रोकथाम हेतु सघन मॉनीटरिंग करायें, आशा, ए.एन.एम. अपने-अपने क्षेत्र में निरतंर भ्रमणशील रहकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी करें, यदि कोई व्यक्ति बीमार हो तो उसे तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी बी.राम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. पांडेय, उप जिलाधिकारी सदर, भोगांव, किशनी, घिरोर, ऋषिराज, सुधीर कुमार, राम सकल मौर्य, अनिल कटियार, जिला पंचायत राज अधिकारी स्वामीदीन, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जी.पी. शुक्ला, डा. राजीव राय, जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, डी.एम.सी. यूनिसेफ, एसएसओ स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम की पत्नी ने लगवाया कोविड-19 टीका

मैनपुरी । जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह की धर्मपत्नी अल्पना प्रकाश ने हिन्दपुरम के स्वास्थ्य केन्द्र पर कोविड-19 का टीका लगवाने के उपरांत कहा कि वैक्सीनेशन के बाद कोई भी ऐसी चीज नही हुयी जो असामान्य हो। यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है, इसका कोई साइड-इफेक्ट नहीं है। वैक्सीन लगवाने के बाद उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं हुई। यदि किसी के मन में वैक्सीन को लेकर कोई भ्रतिं हो तो दूर कर लें, टीका लगवाने से काविड-19 से बचाव हेतु शरीर में एंटीवाडीज विकसित होगी जो संक्रमण से बचाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अभी तक टीका नहीं लगवाया है वह तत्काल पंजीकरण कराकर अपनी बारी आने पर टीका लगवायें। जब आपके मोबाइल फोन में मैसेज आये तब आप टीका लगवायें, कोविड-19 की वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है, टीकाकरण के समय मुझे पता भी नहीं चला कि कब वैक्सीन लग गयी। उन्होंने कहा कि दोनों टीके लगने के उपरांत ही इस वायरस से लड़ने के लिए शरीर में प्रतिरोधक क्षमता विकसित होगी। टीकाकरण के उपरांत भी कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना होगा, सभी लोगों को आपस में 02 गज की दूरी रखनी होगी, मास्क से अच्छी तरह नाक, मुंह को ढककर रखना होगा, अपने हाथों को नियमित रूप से साबुन, पानी से धोकर विसंक्रमित करना होगा। इस दौरान जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह, डीएमसी यूनीसैफ संजीव पाण्डेय, एस.एम.ओ. डा. वी.पी.सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी कुचेला डा. पपेन्द्र कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## पानी की टंकी पर चढ़ी महिला, कूदने की धमकी पर सहमे लोग

बांदा,(यूएनएस)। जिले के कमासिन थाना क्षेत्र के बीरा गांव में पट्टे की जमीन में आवास की मांग और पड़ोसी पर धमकाने का आरोप लगा की एक महिला मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गई। महिला टंकी से कूदने की धमकी देने लगी तो लोग सहम गए। मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे महिला कलेक्ट्रेट में डीएम से फरियाद करने आई थी। सुनवाई न होने पर वह 12 बजे पानी की टंकी पर चढ़ गई। तकरीबन आधे घंटे की मशक्कत के बाद पुलिसकर्मियों ने उसे उतारा। उसे महिला थाने ले गए। एसडीएम सुधीर कुमार ने कहा कि महिला के आवास की व्यवस्था की जा रही है। शेष अन्य आरोपों की जांच की जा रही है। महिला थाने में सीओ राकेश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट केशव नाथ, इन्स्पेक्टर भास्कर मिश्र, महिला थाना एसओ अनुपमा आदि मौजूद रहीं।

## नकाबपोश बदमाशों ने वृद्ध को पीटकर लाखों लूटे

बांदा,(यूएनएस)। मटौंध क्षेत्र के गोयरा मुगली गांव में नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोलकर वृद्ध किसान को पीटने के बाद नगदी और सोने-चांदी के जेवर लूट ले गए। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। गोयरा मुगली गांव निवासी मेढ़ा भाऊ सोमवार की रात अपने नए घर में अकेले था। रात करीब ढाई बजे दीवार फांदकर बदमाश घर के अंदर दाखिल हो गए और किसान को ईंट-पत्थर से वारकर मरणासन्न कर डेढ़ लाख रुपये और लगभग पांच लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर लूट ले गए। बदमाशों की संख्या लगभग तीन बताई गई है। घटना के वक्त अन्य परिजन पुराने घर में थे। घायल और उसके भतीजे ताहिर ने बताया कि हाल ही में नया घर बनवाया है। परिवार के सभी लोग उसमें शिफ्ट होना चाहते थे। लगभग एक सप्ताह से पुराने घर से सामान ढोकर नए घर में पहुंचाया जा रहा था। सुनसान स्थल में घर होने पर बदमाशों ने धावा बोला और लूट ले गए। थाना इंस्पेक्टर रामजी सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

## दो वर्षीय बेटे का गला दबाकर सुला दिया मौत की नींद

बांदा,(यूएनएस)। बांदा जिले में हैरान करने वाला एक मामला सामने आया है। थाना विसंडा के ग्राम सिंहपुर के मजरा इमिलिया पुरवा में निर्मला यादव ने अपने दो वर्षीय पुत्र आशीष की गला घोंटकर हत्या कर दी। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पति विजय यादव की तहरीर पर निर्मला यादव के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी का विस्तार

बांदा,(यूएनएस)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ की बांदा यूनिट ने कार्यकारिणी का विस्तार किया। प्रांतीय अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव व महामंत्री प्रशांत सक्सेना की संतुष्टि से जिलाध्यक्ष लव सिन्हा ने प्रसून श्रीवास्तव को जिला महामंत्री, रजत सक्सेना को जिला उपाध्यक्ष, शुभम श्रीवास्तव, स्वप्रिल खरे, चित्रांश श्रीवास्तव, गौतम श्रीवास्तव को जिला सचिव, नितीश कुमार निगम को शहर अध्यक्ष, शिवम खरे को शहर महामंत्री, शैलेश निगम, सत्यम श्रीवास्तव आर्य को नगर उपाध्यक्ष, नितिन श्रीवास्तव को नगर महामंत्री बनाया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री प्रसून श्रीवास्तव ने समाज सेवा पर बल दिया। संरक्षक अखिलेश श्रीवास्तव ने हर्ष जताया। इस मौके पर उमंग निगम, शिवम निगम, रितिक श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, श्रेयांस श्रीवास्तव, मोहित निगम, गौतम श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## मल्लापुरम केन्द्र में फैकल्टी डवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन

अलीगढ़,(यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मल्लापुरम केंद्र में 'प्रौद्योगिकी, एकीकरण और बातचीत' पर एआईसीटीई, ट्रेनिंग एंड लर्निंग एकेडमी के सहयोग से पांच दिवसीय फैकल्टी डेवेलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रमुख संस्थानों के 200 प्रतिभागी शामिल हुए। उद्घाटन सत्र को आभासी रूप से सम्बोधित करते हुए प्रोफेसर निसार अहमद खान (डीन, सामाजिक विज्ञान संकाय, एएमयू) ने शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी शिक्षकों की जगह नहीं लेगी। शिक्षण और सीखने में प्रभावी ढंग से प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाले शिक्षक उन शिक्षकों को प्रतिस्थापित करने जा रहे हैं जो प्रौद्योगिकी का प्रयोग नहीं करना चाहते।डा फैसल केपी ने सत्र की अध्यक्षता करते हुए मल्लापुरम केंद्र के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन और समन्वय में एफडीपी के समन्वयक और केंद्र के सहायक प्रोफेसर श्री नसीर अली एमके के योगदान के लिये उनका आभार जताया। उन्होंने कोविड-19 महामारी की अवधि के दौरान केंद्र की विभिन्न इकाइयों द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला। नसीर अली एमके, ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'एफडीपी इस लिये भी महत्वपूर्ण है कि इसमें सैद्धांतिक और व्यावहारिक सत्र शामिल हैं।केंद्र में आईक्यूएसी के संयोजक डा रघुल वी राजन ने अपने धन्यवाद प्रस्ताव में कार्यक्रम को सहायता प्रदान करने और इसे मंजूरी देने के लिए एटीएल का आभार व्यक्त किया। प्रतिभागियों को लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पर रिकार्ड किए गए वीडियो के अलावा लर्निंग सामग्री प्रदान की गई। समापन भाषण के दौरान, एटीएल अकादमी के सहायक निदेशक डा गिरधारी लाल गर्ग ने सभी से प्रतियोगिता में सहयोग को प्राथमिकता देने के लिए कहा और प्रतिभागियों के विचारों को भी सुना। मालप्पुरम केन्द्र के निदेशक डा फैसल के.पी. ने आयोजकों, प्रायोजकों और प्रतिभागियों के बीच सहयोग को जारी रखने के लिए कहा। एफडीपी के समन्वयक नसीर अली एम.के. ने कार्यक्रम पर संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। डा रघुल वी राजन ने सत्र में धन्यवाद प्रस्ताव रखा। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एटीएल द्वारा वेब पोर्टल के माध्यम से उपलब्धि परीक्षण में उनके प्रदर्शन के आधार पर जारी किए जाएंगे।

## स्वतः रोजगार के लिए आवेदन

मैनपुरी । जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) डा. इन्द्रा सिंह ने बताया कि उ.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. द्वारा संचालित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वतः रोजगार योजना, शहरी क्षेत्र दुकान निर्माण, लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग, टेलरिंग शॉप योजना हेतु वर्ष 2021-22 में आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जायेगें। इसके लिए प्रार्थी अनुसूचित जाति का हो, आवेदक की वार्षिक आय नगरीय क्षेत्र में रू. 56460 तथा ग्रामीण क्षेत्र में रू. 46080 से अधिक न हो। लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना हेतु धोवी समाज को प्राथमिकता दी जायेगी। दुकान निर्माण हेतु जमीन का बैनामा होना अनिवार्य है, टेलरिंग शॉप योजना हेतु अनुभव प्रमाण पत्र, आधार कार्ड होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इच्छुक लाभार्थी अपना आवेदन पत्र 05 जुलाई तक कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास भवन में जमा कर सकते हैं।

## खजाने की खबर पाते ही मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी

हमीरपुर । भवन निर्माण के समय सन् 1800ई. के महारानी विक्टोरिया के शासन काल के खुदाई की जा रही थी जिसमे ठेकेदार फरीद अहमद की निगरानी मे उनके मजदूरों को को मामले से अवगत कराया । सूचना के बाद पहुंचे क्षेत्राधिकारी ने मामले की जानकारी



सिक्के मिलने से हड़कंप मच गया और सिक्के मिलने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई वहीं सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी ने सिक्के कब्जे में लेकर जांच के लिए पुरातत्व विभाग भेजने की बात कही है। मौदहा कस्बे के मोहल्ला चंदा कुआ के पास अय्यूब का प्लाट है जिसमे निर्माण कार्य के लिए खुदाई करते समय चांदी के नौ सिक्के मिले थे । जिसके बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गया और खुदाई में सिक्के मिलने की खबर कस्बे में आग की तरह फैल गई जिसके बाद सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मकान मालिक अय्यूब के पास से चांदी के नौ सिक्को को बरामद कर क्षेत्राअधिकारी ली और सिक्को को सील कर अपने कब्जे मे ले लिया। और बताया की चांदी के नौ सिक्के बरामद हुये है जिसमे रानी विक्टोरिया की फोटो बनी हुई है और सभी सिक्के सन 1800ई. के समय के है। यह मामला पुरातत्व विभाग से संबंधित है जिसकी सूचना पुरातत्व विभाग को दे दी गई है ।

## गांजा समेत एक गिरफ्तार

हमीरपुर। जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के भौली गांव निवासी युवक को गांजा सहित गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। वही आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र के भौली गांव निवासी पंचू सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह सुबह 5 बजे झोला में सूखा गांजा बिक्री के लिए लेकर शेखुपुर से गांव की तरफ जा रहा था। उसी समय एस आई राजकुमार हमराह के साथ गस्त पर जा रहे थे। संदिग्ध हालात में उसको रोककर तलाशी ली तो उसके पास झोला में एक किलो सौ ग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ। उसने बताया कि बिक्री के लिए ले जा रहा था।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध रूप से गांजा रखने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। तथा चालान कर जेल भेज दिया गया है। हमीरपुर जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव निवासी महिला ने छत में चढ़कर तमंचे से फायर करने से मना करने पर मारपीट की तहरीर एक के खिलाफ थाने में दी है। वही पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के जलाला भटपुरा निवासी महिला उषा देवी पत्नी गयाप्रसाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती शाम 3बजे हम लोग अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी गांव निवासी राहुल तिवारी पुत्र देवीचरण ने मेरी छत पर चढ़कर तमंचे से फायर कर दिया। आवाज सुनकर मेरी पुत्री आरती जब वहां देखने गयी तो राहुल तिवारी व उसका पिता देविचरण ने गाली गलौज करने लगे मना करने पर मारपीट करने लगे। जब आरती ने शोर मचाया तो मैं भी छत में गयी। तो दोनो ने ईंट पत्थर से हमला कर दिया। जिससे हम दोनों को चोट आई है। जब हम पुलिस को फोन करने लगे तो जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा पिता पुत्र के खिलाफ दर्ज किया है। ख्22ध्06, 8रू55 ।ड, ।छप्ैव्छप्रू उत्तरप्रदेश। हमीरपुर जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत रघवा निवासी दो भाइयों ने बैनामा की भूमि पर अवैध कब्जा कर नाबदान करने व दरवाजा करने की तहरीर पति पत्नी के खिलाफ थाने में देकर कार्यवाही करने की मांग की है। क्षेत्र के रघवा गांव निवासी बाबू सिंह पाल व शिवपाल सिंह पाल पुत्र गण माता दीन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि हमारी बैनामा वाली भूमि पर चाचा के लड़के प्रदीप पाल व उसकी पत्नी सुशीला द्वारा अवैध रूप से हमारी भूमि पर जबरन कब्जा कर नाबदान व दरवाजा कर रहे हैं तथा आवागमन का रास्ता बंद कर दिया है। इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मना करने पर गाली गलौज करते हैं। तथा झगड़ा करने पर आमादा रहते हैं। पीड़ित ने तहरीर देकर न्याय की मांग थाना पुलिस से की है।

# संक्षिप्त समाचार

## दहेज की मांग पूरी न होने पर सिपाही ने तोड़ी शादी

उरई/जालौन,(यूएनएस)। शादी तय होने के बाद फतेहपुर में तैनात सिपाही ने मंगेतर का शारीरिक और मानसिक शोषण किया। बाद में अतिरिक्त दहेज की मांगकर शादी तोड़ दी। पीड़ित पक्ष ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। एसपी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने आरोपी सिपाही समेत दो अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने एसपी डॉ. यशवीर सिंह को बताया कि अपनी बेटी की शादी सब्जी मंडी के पास रहने वाले शिवम के साथ तय की थी। शादी तय होने के बाद 10 अगस्त 2020 को गोद भराई की रस्म कामाख्या देवी मंदिर पहाड़पुरा में हुई। इसमें वर पक्ष को पांच लाख रुपये दिए। 20 जून 2021 को शादी की तिथि तय हुई। इसकी उन्होंने धीरे-धीरे तैयारियां करते हुए गेस्टहाउस, हलवाई आदि की बुकिंग कर ली। इसी बीच शिवम की नौकरी पुलिस विभाग में लग गई। उसकी सिपाही के पद पर फतेहपुर जिले में तैनाती हो गई। 16 फरवरी 2021 को शिवम की बहन की सगाई थी। इसमें पुत्री समेत उनके परिवार के भी सदस्य शामिल हुए थे। उधर, शिवम ने पुत्री को बहला फुसलाकर उसका शारीरिक और मानसिक शोषण किया। 20 मई को शिवम के पिता और बहन उनके यहां आए और कहा कि शिवम की पुलिस विभाग में नौकरी लग गई है। अब उन्हें अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख रुपये और देने होंगे। उन्होंने जब असमर्थता जताई तो शादी तोड़ देने की धमकी दी। मान मनौव्वल करने के बाद भी वह नहीं माने। अतिरिक्त दहेज दिए शादी की बात करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पिता का आरोप है कि वह रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एक पखवारे से कोतवाली के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। एसपी के हस्तक्षेप के बाद कोतवाली पुलिस ने सिपाही, उसके पिता और बहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ विजय आनंद ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

## सीएचसी में हुआ टीकाकरण व जागरूकता कैम्प का आयोजन

उरई/जलौन,(यूएनएस)। कोरोना टीकाकरण व मिशन परिवार योजना का कैंप सीएचसी परिसर में लगाया गया। उद्घाटन विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन ने किया। उन्होंने कहा कि लोगों को प्रेरित कर अधिक से अधिक टीकाकरण कराएं, जिससे तीसरी लहर से बचा जा सके। कई गांवों में टीकाकरण की प्रगति संतोषजनक न होने पर उन्होंने नवनिर्वाचित प्रधानों और पार्टी पदाधिकारियों को स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करने के लिए कहा। साथ ही कहा कि वे स्वयं गांव-गांव कैंप लगाकर लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक करेंगे। चिकित्सा अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि प्रत्येक माह की 21 तारीख को मिशन परिवार खुशहाल परिवार दिवस मनाया जाता है। इसमें परिवार नियोजन के बारे में बताकर गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया जाता है, ताकि उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो। क्षय रोग विशेषज्ञ अश्वनी वर्मा ने कहा की परिवार नियोजन के लिए कोरोना महामारी को देखते हुए जांचे जरूरी होती है। इसके लिए युद्धस्तर पर स्वास्थ्य कर्मी जागरूकता कार्यक्रम कर रहे हैं। इस मौके पर डॉक्टर प्रतिज्ञा प्रणामी, डॉ. रूपेश कुमार, अभिषेक कुमार, जिला पंचायत सदस्य ज्ञान सिंह, सभासद जगत नारायण, शशिकांत, अनुज देवीदीन सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

उरई/जलौन,(यूएनएस)। कालपी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पानी भरने गई किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पिता ने दो नामजद लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मंगलवार को एक व्यक्ति परिवार के साथ कोतवाली पहुंचा। उसने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो दिन पूर्व उसकी 12 साल की बेटी पानी भरने घर के समीप स्थित हैंडपंप पर गई थी। वहां हमीरपुर के थाना कुरारा के ग्राम भरुआ निवासी नीरज और ग्राम हीरापुर के धनदरी उसकी पुत्री को उठा ले गए और यमुना के समीप खेतों में ले जाकर दुष्कर्म किया। रोती बिलखती बेटी घर पहुंची और परिजनों को घटना के बारे में बताया। पीड़ित पिता ने बताया कि युवकों की गांव में दहशत है। इसके चलते दो दिन दिन तक घर से नहीं निकल सका। कोतवाली पुलिस के वरिष्ठ उप निरीक्षक एसपी मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## स्टेशन अधीक्षक के पुराने आफिस में बनेगा सीसीटीवी कंट्रोल रुम, काम में तेजी

उरई/जलौन,(यूएनएस)। करीब तीन साल से लटके सीसीटीवी कैमरे लगाने के काम में तेजी आ गई है। डीआरएम के निर्देश पर पुराने डिप्टी एसएस कार्यालय में सीसीटीवी का कंट्रोल रूम बनाने का काम शुरू हो गया है। मंगलवार को झांसी से वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता आशीष सैनी ने सहायक मंडल अभियंता शिवम मित्तल के साथ निर्माणाधीन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और कंट्रोल रूम के प्वाइंट तय किए। उरई स्टेशन पर वर्ष 2018 में निर्भया फंड से करीब साठ सीसीटीवी कैमरे लगाने का बजट मिला था। विभिन्न प्वाइंटों पर सीसीटीवी कैमरे तो लगा दिए, लेकिन कंट्रोल रूम नहीं बन पाया था। तीन जून को निरीक्षण पर आए झांसी मंडल के डीआरएम संदीप माथुर के सामने जब यह मामला आया तो उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर। तत्काल डिप्टी एसएस ऑफिस में कंट्रोल रूम बनाकर सीसीटीवी कैमरों का संचालन शुरू करने के निर्देश दिए। अब इसमें तेजी आ गई है। अधिकारियों के मुताबिक इसी महीने सीसीटीवी कैमरों से स्टेशन की निगहबानी शुरू हो जाएगी। इस दौरान टेलीकॉम विभाग के अभियंता आरके अग्रवाल एवं सिग्नल विभाग के सेक्शन इंजीनियर अजेश सबरवाल भी मौजूद रहे।

## वीमेन्स कालिज में योग दिवस

अलीगढ़,(यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वीमेन्स कालिज में शिक्षकों और छात्रों ने 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' पर स्वास्थ्य के मनोवैज्ञानिक और शारीरिक पहलुओं को उजागर करने के लिए शारीरिक मुद्रा और सांस लेने की तकनीक का संयोजन किया। आनलाइन तथा आफलाइन आयोजित इस कार्यक्रम में शारीरिक दूरी और अन्य कोविड प्रोटोकाल के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वीमेन्स कालिज की प्रिन्सिपल प्रोफेसर नईमा खातून ने कहा कि "योग का स्वास्थ्य और शारीरिक तन्दुरुस्ती के दृष्टिकोण से बड़ा महत्व है।

# तोक्यो ओलंपिक में पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे मनप्रीतय बीरेंद्र

*ओलंपिक में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के मनप्रीत, लाकड़ा और हरमनप्रीत उपकप्तान और कप्तान होंगे ।बता दें कि मनप्रीत की कप्तानी में भारत ने एशिया कप 2017, एशियाई चौम्पियंस ट्रॉफी 2018 और एफआईएच सीरिज फाइनल 2019 जीते हैं।*

नयी दिल्ली। मिडफील्डर मनप्रीत सिंह तोक्यो ओलंपिक में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान होंगे जबकि अनुभवी डिफेंडर बीरेंद्र लाकड़ा और हरमनप्रीत सिंह उपकप्तान बनाये गए हैं। भारत ने पिछले सप्ताह 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया था लेकिन कप्तान के नाम की घोषणा नहीं की थी। मनप्रीत ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी बयान में कहा ,'' मुझे खुशी है कि ओलंपिक में तीसरी बार भारत के लिये खेलने का मौका मिल रहा है और इस बार कप्तान के तौर पर। मेरे लिये यह गर्व की बात है।'' उन्होंने कहा , '' पिछले कुछ साल में हमने मजबूत नेतृत्व तैयार किया है और महामारी की चुनौतियों का मजबूती से सामना किया है। हमने फॉर्म और फिटनेस कायम रखते हुए ओलंपिक को ध्यान में रखकर तैयारी की है।'' मनप्रीत की कप्तानी में भारत ने एशिया कप 2017, एशियाई चौम्पियंस ट्रॉफी 2018 और एफआईएच सीरिज फाइनल 2019 जीते हैं। भारतीय टीम भुवनेश्वर में 2018 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा ,'' ये तीनों खिलाड़ी टीम के नेतृत्व दल का अभिन्न अंक हैं ।इन्होंने कठिन समय में युवाओं का मनोबल बनाये रखने में काफी परिपक्वता दिखाई।'' उन्होंने कहा ,'' इस चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंट में दो उपकप्तान बनाने से हमारे नेतृत्व दल को मजबूती मिलेगी। बीरेंद्र लंदन ओलंपिक 2012 खेल चुका है लेकिन चोट के कारण रियो ओलंपिक नहीं खेल पाया था।



वापसी के बाद से उसका प्रदर्शन बेहतर ही होता गया है। '' हरमनप्रीत ने 2019 में मनप्रीत की गैर मौजूदगी में तोक्यो में ओलंपिक टेस्ट टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी की थी। भारतीय टीम तोक्यो ओलंपिक के पहले मैच में 24 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलेगी।

# तोक्यो ओलंपिक में 10,000 प्रशंसकों को स्टेडियम में आने की अनुमति

*कोरोना वायरस महामारी के कारण पिछले साल इन खेलों को स्थगित किया गया था। स्थानीय आयोजकों, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति, अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति*



तोक्यो। जापान के आयोजकों ने आगामी तोक्यो ओलंपिक खेलों के दौरान सभी स्थलों पर दर्शकों की सीमा तय करते हुए स्टेडियम की क्षमता के 50 प्रतिशत लोगों को स्थल पर पहुंचे की स्वीकृति दी। किसी भी स्थल पर हालांकि 10 हजार से अधिक दर्शकों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। ओलंपिक खेलों का आयोजन 23 जुलाई से किया जाएगा। कोरोना वायरस महामारी के कारण पिछले साल इन खेलों को स्थगित किया गया था। स्थानीय आयोजकों, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति, अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति, जापानी सरकार और तोक्यो की महानगरीय सरकार के बीच बातचीत के बाद इस फैसले की घोषणा की गयी। यह फैसला देश के मुख्य चिकित्सा सलाहकार डॉ. शिगेरू ओमी के विचार के खिलाफ है। उन्होंने पिछले सप्ताह सिफारिश की थी कि बिना प्रशंसकों के ओलंपिक आयोजित करना ही सबसे सुरक्षित तरीका होगा। ओलंपिक के लिए कई महीने पहले विदेश से आने वाले प्रशंसकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अधिकारियों का कहना है कि स्थानीय प्रशंसकों पर हालांकि सख्त नियम लागू होंगे। उन्हें खिलाड़ियों की हौसलाअफजायी के लिए शोर करने अनुमति नहीं होगी और स्टेडियम के अंदर मास्क पहनना होगा। स्टेडियम से निकलने के बाद उन्हें सीधे घर जाने की सलाह दी गयी है। आयोजकों ने कहा कि इन खेलों के 36 से 37 लाख टिकट स्थानीय लोगों के पास है। प्रशंसकों को अनुमति देने का समर्थन करने वाले प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा ने आधिकारिक घोषणा से पहले कहा कि अगर स्थिति बदलती है तो वह प्रशंसकों पर रोक लगा सकते हैं। सुगा ने कहा, '' अगर आपातकाल की स्थिति जरूरी हुई तो मैं लचीला रूख अपनाउंगा।

# सुनील छेत्री बेंगलुरू एफसी टीम के साथ 2023 तक रहेंगे जुड़े

*भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने बेंगलुरू एफसी के साथ अनुबंध दो साल के लिये बढ़ाया।छेत्री ने कहा कि, मैं बेंगलुरू एफसी के साथ दो अन्य साल के लिये अनुबंध बढ़ाकर वास्तव में खुश हूं। यह शहर अब मेरे लिये घर जैसा है और इस क्लब के सदस्य मेरे लिये परिवार की तरह हैं।*



बेंगलुरू। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने बेंगलुरू एफसी के साथ अपना अनुबंध दो साल के लिये बढ़ा दिया है और वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की इस टीम के साथ 2023 तक बने रहेंगे। छेत्री 2013 में बेंगलुरू से जुड़े थे और नये अनुबंध के बाद वह क्लब के साथ 10वें सत्र तक जुड़े रहेंगे। इस स्टार फुटबॉलर ने अब तक क्लब की तरफ से आठ सत्रों में 203 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 101 गोल किये है। यह 36 वर्षीय खिलाड़ी 2013 में क्लब की स्थापना के बाद से ही उसकी अगुवाई कर रहा है और उन्होंने सभी आठ सत्रों में बेंगलुरू की तरफ से सर्वाधिक गोल किये। छेत्री ने कहा, "मैं बेंगलुरू एफसी के साथ दो अन्य साल के लिये अनुबंध बढ़ाकर वास्तव में खुश हूं। यह शहर अब मेरे लिये घर जैसा है और इस क्लब के सदस्य मेरे लिये परिवार की तरह हैं। ऐसा लगता है जैसे मैंने कल ही पहली बार क्लब के साथ अनुबंध किया हो और अब तक का सफर खूबसूरत रहा है। '' छह बार एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) के वर्ष के खिलाड़ी चुने गये छेत्री की अगुवाई में बेंगलुरू एफसी ने 2013 में आई लीग खिताब जीता था। इसके बाद क्लब ने पांच अन्य ट्राफियां जीती जिनमें फेडरेशन कप (2015, 2017), इंडियन सुपर लीग (2018, 2019) और सुपर कप (2018) शामिल हैं।

## बढ़ती मांग के कारण रिफाइंड सोया तेल वायदा कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार की मजबूत मांग के बीच सटोरियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में सोमवार को रिफाइंड सोया तेल का दाम 25.9 रुपये के सुधार के साथ 1,233.9 रुपये प्रति 10 किग्रा हो गया। नेशनल कमोडिटी एण्ड डेरिवेटिव्ज एक्सचेंज में जुलाई माह में डिलीवरी के लिये रिफाइंड सोया तेल के वायदा अनुबंध का भाव 25.9 रुपये यानी 2.14 प्रतिशत के सुधार के साथ 1,233.9 रुपये प्रति 10 किग्रा हो गया। इस अनुबंध में 39,545 लॉट के लिये सौदे किये गये। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि व्यापारियों द्वारा अपने सौदों का का आकार बढ़ाने के कारण यहां वायदा कारोबार में रिफाइंड सोया तेल कीमत में सुधार दर्ज हुई। रिफाइंड सोया तेल के अगस्त माह में डिलीवरी के लिये वायदा अनुबंध का भाव 24.2 रुपये यानी 2.04 प्रतिशत के सुधार के साथ 1,211 रुपये प्रति 10 किग्रा हो गया। इस अनुबंध में 7,855 लॉट के लिये सौदे किये गये।

## कमजोर मांग से बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख को देखते हुए कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को बिनौलातेल खली की कीमत 41 रुपये की गिरावट के साथ 2,870 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि बाजार में कमजोरी के रुख के बीच मौजूदा स्तर पर कारोबारियों की बिकवाली बढ़ने से मुख्यतरू बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में गिरावट आई। एनसीडीईएक्स में बिनौलातेल खली के जुलाई माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 41 रुपये अथवा 1.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,870 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई जिसमें 78,490 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 24 पैसे गिरकर 74.10 पर बंद

मुंबई। प्रतिभागियों के जोखिम लेने से परहेज के चलते भारतीय रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे टूटकर 74.10 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में



घरेलू इकाई अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 74.20 पर कमजोर रुख के साथ खुली और शुरुआती नुकसान को कुछ कम करते हुए अंत में 74.10 पर बंद हुई, जो पिछले बंद के मुकाबले 24 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 73.86 पर बंद हुआ था। रुपये ने दिन के कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 74.08 का ऊपरी स्तर और 74.28 का निचला स्तर देखा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि जोखिम से बचने की भावना और डॉलर की मजबूती के चलते रुपये ने नकारात्मक रुख के साथ सप्ताह की शुरुआत की, हालांकि इसे निचले स्तर पर थोड़ी मजबूती मिली। उन्होंने बताया कि अल्पावधि में डॉलर सूचकांक, कच्चा तेल और पूंजी प्रवाह के रुझान पर रुपये की चाल निर्भर करेगी। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत गिरकर 92.04 पर आ गया। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.16 प्रतिशत बढ़कर 73.63 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को सकल आधार पर 2,680.57 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## संक्षिप्त



### डेनमार्क के कप्तान क्रिस्टियन इरिक्सन को मैच के दौरान आया था दिल का दौरा, तबीयत पहले से बेहतर

कोपेनहेगन। रूस को 4 . 1 से हराकर डेनमार्क ने यूरोपीय फुटबॉल चौम्पियनशिप के अगले दौर में प्रवेश कर लिया। गोल करने के बाद डेनमार्क के स्ट्राइकर जोकिम माहले ने टीवी कैमरे के सामने जाकर अपने हाथ से '10' का इशारा किया जो क्रिस्टियन एरिक्सन का जर्सी नंबर है। एरिक्सन पहले ही मैच में दिल का दौरा पड़ने से मैदान पर गिर गए थे। इसके बाद से टीम दो मैच हार गई थी और यह उसके लिये 'करो या मरो' का मुकाबला था। डेनमार्क अब ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है और उसने अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया है। कोच कास्पर एच ने कहा ,'' हमारे खिलाड़ियों को इस जीत का पूरा श्रेय जाता है। मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि पहले मैच की घटना के बाद कैसे उन्होंने वापसी की।'' एरिक्सन को शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। डेनमार्क, रूस और फिनलैंड तीनों के तीन तीन अंक थे लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर डेनमार्क ने बाजी मारी। बेल्जियम ग्रुप में शीर्ष पर रहा। अब डेनमार्क का सामना शनिवार को एम्सटरडम में वेल्स से होगा।

### सेंट लुसिया टेस्ट, द.अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दिया 324 रनों का लक्ष्य

सेंट लुसिया रैसी वान डेर डुसैन (नाबाद 75) के अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने यहां डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मुकाबले के तीसरे दिन दूसरी पारी में 174 रन बनाए और पहली पारी की बढ़त के आधार पर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 324 रनों का लक्ष्य दिया। विंडीज ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट खोए 15 रन बना लिए हैं और उसे अभी 309 रन बनाने हैं। स्टंप्स तक कीरन पोवेल 22 गेंदों पर एक चौके की मदद से नौ रन और कप्तान क्रैग ब्रैथवेट 14 गेंदों पर पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका की ओर से दूसरी पारी में डुसैन ने 142 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के के सहारे नाबाद 75 रन बनाए। उनके अलावा कैगिसो रबादा ने 48 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के के सहारे 40 रन बनाए। इन दो बल्लेबाजों के अलावा दक्षिण अफ्रीका का कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। विंडीज की ओर से केमार रोच ने चार विकेट और काइल मायेर्स ने तीन विकेट लिए जबकि जयडेन सिएल्स, जैसन होल्डर और ब्रैथवेट को एक–एक विकेट मिला।

### टेस्ट के अंतिम दिन खिलाडियों को भटका रही थी इंग्लैंड : दीप्ति शर्मा

ब्रिस्ट भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज दीप्ति शर्मा का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने एकमात्र टेस्ट के अंतिम दिन भारतीय टीम के खिलाड़ियों का ध्यान भटकाने की कोशिश की लेकिन हम अपने लक्ष्य पर अडिग रहे। दीप्ति ने दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ा था और अपनी टीम को हार के मुंह से निकालने में अहम भूमिका अदा की थी। भारत और इंग्लैंड के बीच यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। दीप्ति ने क्रिकइंफो से कहा, ष्इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हर गेंद और हर ओवर के बाद ध्यान भटकाने की कोशिश लेकिन मैंने इसे ज्यादा तूल नहीं दिया। उन्होंने कहा, वे लगातार हमारे करीब आ रहे थे और हमारा ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे थे। मैंने स्नेह राणा के साथ हर गेंद के बाद चर्चा की जिससे मैच पर ध्यान केंद्रित कर सकें। दीप्ति ने कहा, जब मैंने पहली पारी में बल्लेबाजी की तो इससे मेरा मनोबल बढ़ा। टेस्ट मैच संयम का खेल है। आपको बल्लेबाजी या गेंदबाजी करते वक्त गुणवत्ता के साथ खेलना पड़ता है।

### स्वीडन के प्रधानमंत्री ने विश्वास मत खोया

स्टॉकहोम स्वीडन के प्रधानमंत्री स्टीफन लोफवेन ने सोमवार को विश्वास मत खो दिया, जिससे वह स्वीडन सरकार के पहले नेता हो गए हैं जिन्हें इस तरह के प्रस्ताव पर हार का सामना करना पड़ा है। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के स्टीफन लोफवेन 2014 से प्रधानमंत्री थे ।वोट की शुरुआत लेफ्ट पार्टी ने मंगलवार को की थी, जो अल्पमत की सरकार की सहयोगी थी ।यह स्पष्ट नहीं है कि स्वीडन में आगे क्या होगा। लोफवेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अविश्वास प्रस्ताव के परिणाम का इंतजार करना चाहते हैं और फिर ''सोचेंगे कि स्वीडन के लिए क्या बेहतर रहेगा।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके पास दो विचार हैं –– मध्यावधि चुनाव कराना या कार्यवाहक सरकार का प्रमुख बने रहना।

### ब्रिटेन को विज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक महाशक्ति बनाने के लिए बोरिस जॉनसन ने पेश की नई योजना

लंदन ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने सोमवार को अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की जिसके तहत देश को विज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक महाशक्ति बनाने और कोविड–19 टीकाकरण अभियान की सफलता को दोहराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की अध्यक्षता वाली नई राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल समाज की चुनौतियों से निपटने के लिए करने के वास्ते रणनीतिक दिशा प्रदान करेगी। सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार, सर पैट्रिक वैलेंस, कैबिनेट कार्यालय में स्थित नए 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी रणनीति कार्यालय' (ओएसटीएस) के प्रमुख होंगे और वह नए राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार के रूप में भी अतिरिक्त भूमिका निभाएंगे। जॉनसन ने कहा, "(टीके की) खोज करने से लेकर उसे (जनता तक) पहुंचाने तक हमारे टीकाकरण अभियान ने सिद्ध किया है कि ब्रिटेन कितनी जल्दी और कितने बड़े स्तर पर उपलब्धि हासिल कर सकता है।" उन्होंने कहा, "सही दिशा, गति और समर्थन के साथ हम ऐसी वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं जो ब्रिटेन और विश्व के लोगों का जीवन बदल सकती है।

# सम्पादकीय........

## अनुशासित भाजपा में 'तीर्थयात्री'

शीर्ष पर मजबूती से एकताबद्ध पार्टी भाजपा में मध्य और निचले स्तर पर मतभेद उभर रहे हैं. शायद ही ऐसा कोई राज्य है, जहां पार्टी आंतरिक संघर्ष में रत नहीं हैं. हालांकि केंद्रीय नेतृत्व दावा करता है कि पार्टी ने देश को स्वच्छ, स्थायी और मजबूत सरकार दी है, पर लगभग सभी भाजपाशासित राज्यों में सरकार और पार्टी नेताओं पर भ्रष्टाचार और भाई–भतीजावाद का आरोप है.बीते दो दशकों में चार आम चुनाव और दो–तिहाई राज्यों में जीत हासिल करनेवाली पार्टी मतभेद और अवज्ञा से ग्रस्त है. केरल में इसके अध्यक्ष के विरुद्ध रिश्वतखोरी के लिए मामला दर्ज किया गया है, जो संघ परिवार की संस्कृति के विरुद्ध है. उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, दिल्ली और गोवा में विद्रोही सक्रिय हैं. बीते दो दशक में भाजपा ने वैकल्पिक एजेंडा, संस्थान और विचारधारा के आधार पर जनादेश जीता. स्थानीय नेताओं पर नियंत्रण करने या उन्हें संघीय सत्ता में समुचित भागीदारी देने में असफल होने के बाद कांग्रेस सिकुड़ने लगी. उसे छोड़नेवाले अपने विभिन्न राजनीतिक रूपों में फल–फूल रहे हैं, पर 135 साल पुरानी कांग्रेस एक छोटे बिंदु में सीमित हो गयी है. व्यक्तिगत झगड़ों से कहीं अधिक विचारधारात्मक टकराव से भाजपा को नुकसान हो रहा है. इसने छोटे दलों के व्यापक विलयों या जातिगतध्सामुदायिक आधारवाले आकांक्षी व्यक्तियों को साथ लेकर अपना दायरा बढ़ाया है. विभिन्न राज्यों में झगड़े का असली कारण कांग्रेस, टीएमसी, बसपा, जेडीएस आदि दलों से आये नेताओं को बहुत अधिक महत्व दिया जाना है. निश्चित रूप से दूसरे दलों से आये इन राजनीतिक तीर्थयात्रियों ने भाजपा के हिस्से में कुछ राज्यों की सत्ता जोड़ी है, पर उन्होंने विश्वासियों की आत्मा में कांटे भी चुभाये हैं. एक अनुशासित पार्टी में असंतोष के कुछ उदाहरणों को दे देखें. पूर्व अध्यक्ष और मुख्यमंत्री रहे वरिष्ठ भाजपा नेता कुरुबा शरणप्पा ईश्वरप्पा, जो अब मंत्री मात्र हैं, ने पार्टी में अफरातफरी मचा दी है.इस अनुभवी नेता को लगता है कि उन्हें हाशिये पर रखा गया है, क्योंकि कर्नाटक के मुख्यमंत्री येद्दीयुरप्पा कांग्रेस और जेडीएस से आये नेताओं को अधिक महत्व देते हैं. भाजपा के इतिहास में पहली बार किसी मंत्री ने राज्यपाल से औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार और मंत्रालय में हस्तक्षेप की शिकायत की है. जो विधायक बाहर से आये नेताओं को मंत्री बनाने की वजह से जगह न पा सके, वे येद्दियुरप्पा के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं.केंद्र से पूर्ण समर्थन होने के बावजूद लगातार आंतरिक खतरों से उनकी सरकार बिखरी हुई है और ठीक से काम नहीं कर पा रही है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध स्पष्ट विद्रोह के कारण उत्तर प्रदेश चर्चा में नहीं है. अनेक भाजपा विधायकों ने सरकार की कमियों की आलोचना की है, खासकर महामारी की दूसरी लहर के दौरान. कुछ ने जातिगत वर्चस्व के विरुद्ध बोला है, लेकिन केंद्रीय नेताओं के लगातार लखनऊ जाकर विधायकों व मंत्रियों से अलग–अलग बैठकें करने से प्रशासन पर जोखिम बढ़ गया है.बीते दो माह में योगी और राज्य के प्रमुख नेताओं ने दिल्ली में मोदी समेत शीर्ष नेताओं से मुलाकातें की हैं. सेवानिवृत्त नौकरशाह एके शर्मा को चुनाव से सालभर पहले राज्य की राजनीति में लाने से ऐसी अफवाहों को बल मिला है कि योगी के अधिकारों में कटौती की जा रही है या उन्हें हटाया जा सकता है. शर्मा गुजरात में मोदी के भरोसेमंद सचिव रहे थे और प्रधानमंत्री कार्यालय में भी उनकी अहम उपस्थिति थी।

# आज का राशिफल

मेष :– किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

बृषभ :– नैतिक–अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। आलस्य कतई न करें।

मिथुन :– दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है। पारिवारिक संबंधों में कटुता जैसी स्थिति उत्पन्न न होने दें।

कर्क :– रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी।

सिंह :– रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

कन्या :– आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

तुला :– कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ वर्तमान में जियें।

वृश्चिक :– बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कल्पनाएं सार्थकता हेतु उद्वेलित करेंगी।

धनु :– दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

मकर :– प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याएं आएंगी।

कुंभ :– राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा।

मीन :– कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई–नई युक्तियां उत्पन्न होंगी।

# टीकाकरण और सर्तकता से ही सुधरेंगे हालात

**–राजेश माहेश्वरी**

*चिकित्सा जगत से जो खबरें आ रही हैं या फिर जिस ओर स्वास्थय विशेषज्ञ इशारा कर रहे हैं वो चिंता बढ़ाने वाला है। विशेषज्ञों के अनुसार देश में कोरोना वायरस की तीसरी लहर आने की संभावना प्रबल है। ऐसे में टीकाकरण एक प्रभावी हथियार के तौर पर कोरोना से लड़ाई लड़ने में हमारी मदद कर सकता है। वहीं कोविड प्रोटोकाल का पालन और सर्तक व्यवहार हमें इस घातक वायरस से बचा सकता है। कोरोना की दूसरी लहर का जानलेवा कहर देश और देशवासियों ने भोगा है। अब सरकार का पूरा जोर ज्यादा से ज्यादा आबादी का टीके का कवच पहनाना है। एम्स दिल्ली के निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया ने भी आगाह कर दिया कि यदि कोरोना संबंधी अनुशासन का पालन नहीं किया गया तो तीसरी लहर महीने भर में ही आ धमकेगी और और पहले से ज्यादा घातक होगी। इससे बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण तो ज़रूरी है।*

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश में कोरोना वैक्सीनेशन का नया रिकार्ड बना। एक दिन में देश में 86 लाख से ज्यादा लोगों का टीका लगाया गया। असल में टीकाकरण और सतर्कता ही ऐसे दो उपाय हैं, जो हमें काफी हद तक घातक कोरोना वायरस से बचा सकते हैं। चिकित्सा जगत से जो खबरें आ रही हैं, या फिर जिस ओर स्वास्थय विशेषज्ञ इशारा कर रहे हैं वो चिंता बढ़ाने वाला है। विशेषज्ञों के अनुसार देश में कोरोना वायरस की तीसरी लहर आने की संभावना प्रबल है। ऐसे में टीकाकरण एक प्रभावी हथियार के तौर पर कोरोना से लड़ाई लड़ने में हमारी मदद कर सकता है। वहीं कोविड प्रोटोकाल का पालन और सर्तक व्यवहार हमें इस घातक वायरस से बचा सकता है। कोरोना की दूसरी लहर का जानलेवा कहर देश और देशवासियों ने भोगा है। अब सरकार का पूरा जोर ज्यादा से ज्यादा आबादी का टीके का कवच पहनाना है। एम्स दिल्ली के निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया ने भी आगाह कर दिया कि यदि कोरोना संबंधी अनुशासन का पालन नहीं किया गया तो तीसरी लहर महीने भर में ही आ धमकेगी और और पहले से ज्यादा घातक होगी। इससे बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण तो ज़रूरी है ही किन्तु उनकी सीमित उपलब्धता के अलावा इतनी बड़ी आबादी का टीकाकरण हंसी खेल नहीं है। जैसी कि जानकारी है अब तक कुल 28 करोड़ लोगों को एक और 5 करोड़ से ज्यादा आबादी को दोनों टीके लगाये जा सके हैं। इस प्रकार मात्र लगभग तीन फीसदी जनता को ही टीके की दोनों डोज मिल पाई है। इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन और डा. गुलेरिया ने जो चेतावनी दी है उसे गम्भीरता से लेने की सख्त जरूरत है। अध्ययन से पता चलता है कि आम लोगों को टीकाकरण के बावजूद सतर्कता की जरूरत है। तीसरी लहर आने की चेतावनी विशेषज्ञ दे रहे हैं, जिसके लिए हमें अभी से ही तैयार रहने की जरूरत है। कोरोना की दूसरी लहर के संक्रमण के घटते मामलों के मद्देनजर कई राज्यों में अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हुई है। अभी पहली लहर के अनलॉक के



बाद स्कूल–कॉलेज खुल भी नहीं पाए थे कि अपनी घोर लापरवाहियों के कारण हम दूसरी लहर में फंसते चले गए। अब पहली लहर के बाद अनलॉक होने पर बरती गई लापरवाही से सबक सीखकर घर–दफ्तर और केवल जरूरी कामों तक ही सीमित रहने की जरूरत है। कोरोना के साथ इस लड़ाई में टीके के साथ मास्क और सामाजिक–देह दूरी वह अमोघ अस्त्र हैं जो कोरोना वायरस से हमें मुक्ति दिला सकते हैं। लेकिन तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि अनलॉक की प्रक्रिया के साथ ही उसी तरह की बेफिक्री और लापरवाही सामने आने लगी है जैसे इस साल के आरंभ में पहली लहर के उतार के वक्त देखी गई थी। कोरोना संक्रमण से बचाव की गाइडलाइन्स फिर किनारे की जाने लगी हैं। बाजारों के खुलते ही सोशल डिस्टेंसिंग की जरूरत को नजरअंदाज किया जा रहा है। बाजारों में फेस मास्क नाक से उतरकर ठोड़ी तक आ चुके हैं। सैर–सपाटे पर निकलने को आतुर लोगों की कारों के काफिले हिल स्टेशनों की तरफ कूच करने लगे हैं। अनलॉक की स्थिति में कोरोना से बचाव के लिये उचित वातावरण बनाने की हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। बहुत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलना चाहिए। कम व अधिक आयु के लोगों को और गर्भवती स्त्रियों को तो केवल आवश्यकता को देखते हुए बाहर निकलना चाहिए। अनलॉक की प्रक्रिया लोगों की रोटी–रोजी की व्यवस्था को बनाए रखने के लिये एक शासकीय उपक्रम है, जिसे हम सबको समझना होगा। रोग की उग्रता से बचने के लिए हमें स्वयं ही सावधान रहना होगा। कोरोना की दूसरी लहर की भयावहता के बाद जो धैर्य लोगों में भय से नजर आ रहा था, उसे दरकिनार करने की होड़ जैसी लगी है। हम न भूलें कि कोरोना संकट अभी खत्म नहीं हुआ है। कोरोना की दूसरी लहर के कमजोर पड़ने के बाद अब जनजीवन सामान्य होने लगा है। अब आम जनता के साथ–साथ सरकार को कठोरता का परिचय देना होगा। अनलॉक होने की स्थिति का सबसे ज्यादा दुरुपयोग बाजारों और सार्वजनिक स्थानों में दिखाई देता है। रैली, प्रदर्शन, उद्घाटन, धार्मिक और पारिवारिक उत्सव जैसे आस्था के नाम पर जुटने वाले लोगों की भीड़ पर सख्ती दिखानी होगी। प्रशासन को भी भीड़ जुटने वाले राजनीतिक और धार्मिक आयोजनों के मामले में सख्ती दिखानी पड़ेगी। हमने कोरोना महामारी की पहली लहर की लापरवाही का खमियाजा दूसरी सुनामी के रूप में भुगता। अब ऐसा न हो कि कहीं दूसरी सुनामी के बाद अपनी लापरवाही व अनदेखी से तीसरी सुनामी को न्योता दे दें। वैसे कोरोना के दो हमले झेलने के बाद हर किसी में दायित्वबोध स्वाभाविक रूप से आ जाना चाहिए। इसके बाद भी जो लोग गैर जिम्मेदाराना रवैया रखते हैं तो ये कहना गलत न होगा कि उन्हें न अपनी चिंता है और न अपनों की। हम न भूलें कि दूसरी मारक लहर के दौरान एक अप्रैल के बाद से दो लाख से अधिक लोगों को महामारी ने लीला। निस्संदेह संक्रमण के मामलों में गिरावट आई है लेकिन इतने कम मामले भी नहीं हैं कि हम लापरवाही के रास्ते चल पड़ें। किसी भी तरह की लापरवाही तीसरी लहर को आमंत्रित करेगी, जिसके आने को चिकित्सा विज्ञानी अपरिहार्य मान रहे हैं। अनलॉक में बरती सतर्कता ही हमें तीसरी लहर से बचाएगी। वहीं रोजी–रोटी के साथ–साथ टीकाकरण और कोरोना प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखना होगा। छूट मिलने पर भी हम विवाह और मृत्यु आडम्बर रहित रहें। जब तक संभव हो घर से काम करें, डिजिटल भुगतान करें, भीड़–भाड़ से बचें, बेवजह न घूमें, इत्यादि–इत्यादि। कोरोना संक्रमण के मामले बढ़े तो हमने हर बार सरकार व प्रशासन को ही जिम्मेदार ठहराया, जो सही नहीं कहा जा सकता। देश के जिम्मेदार नागरिक होते हुए हमारा कर्तव्य बनता है कि हम कोविड प्रोटोकॉल का ईमानदारी से पालन करें। स्वास्थ्य समेत समस्त जिम्मेदारियां सरकार व प्रशासन की ही नहीं हैं। सरकार के साथ–साथ हम यदि अपने कर्तव्यों का निर्वहन भली प्रकार से करेंगे तो कोई दो राय नहीं कि कोरोना महामारी पर नियंत्रण न पा सकें। कोरोना पर विजय पाने के लिए सरकार के कदमों के साथ कदमताल करना होगा। सरकार को उसकी जिम्मेदारियों का अहसास कराने के साथ–साथ हमें अपने कर्तव्यों का पालन भी ईमानदारी से करना होगा। हमारी गैर–जिम्मेदाराना हरकत ही कोरोना की तीसरी लहर को भयावह बनाएगी। ऐसे में हम अवश्य जान लें कि खतरा अभी टला नहीं है। इसलिए इसे चुनौती के रूप में लें व देश के सच्चे, सजग नागरिक बनकर अपनी जिम्मेदारियों को समझें। सभी नागरिक लापरवाही छोड़ अपने कर्तव्य का पालन करते हुए वैक्सीन अवश्य लें। हम सब की लापरवाही की वजह से अप्रैल माह में देश में स्थिति बहुत ही भयंकर हो गयी थी लेकिन लॉकडाउन और कर्फ्यू के बाद महामारी काबू में आयी है। इसलिए सभी लोग एकजुट होकर इस वैश्विक महामारी से अपना–अपना बेहतर देकर छुटकारा पायें। –लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

# कोविड–19 से भारतीय औद्योगिक विकास अवरूद्ध

**डॉ. हनुमन्त यादव**

कोविड–19 महामारी के कारण भारतीय औद्योगिक अर्थव्यवस्था को 2020 और 2021 के दो वर्षों में जिस संकट का सामना करना पड़ा है, उसे इस सदी का भयंकर संकट कहा जा सकता है। हर देश चाहता है कि उसे ऐसा संकट दुबारा देखना न पड़े । भारत में दो साल के कोरोना की तीन लहरों के संकट में अरबों लोगों की जीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। दोनों ही वर्षों में उद्योग क्षेत्र ने ही इस संकट का भार सब से अधिक झेला है । लॉकडाउन की अवधि में औद्योगिक उत्पादन और रोजगार में सबसे अधिक गिरावट देखी गई है। अभी कोरोना की दो लहर पूरी होने जा रही है तथा अगस्त 2021 से तीसरी लहर चलने की संभावना है। दो–तीन माह के लॉक–डे के बाद अब भारत सरकार के द्वारा जो चिकित्सा अधोसंरचना विकसित करने की तैयारी की जा रही है, उससे ऐसा लगता है कि यदि कोरोना संबंधित अन्य प्रकोप नहीं हुआ तो दिसंबर– 2021 तक इस पर काबू पाया जा सकेगा। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और विद्युत जैसी अधोसंरचनाओं को सम्बल देने वाले आठ प्रमुख उद्योग, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में कुल 40 प्रतिशत भार रखते हैं। राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण वर्ष 2020 और 2021 में इन आठ महत्वपूर्ण सूचकांकों ने सबसे कम वृद्धि दर्ज की। अब इन सूचकांकों में सुधार होना प्रारंभ होता दिखाई दे रहा है। आशा की जाती है कि कोरोना की तीसरी लहर के बावजूद दिसंबर–2021 तक उत्पादन और रोजगार के पूर्व स्तर की ओर बढ़ने के कारण सूचकांक में अपेक्षित सुधार हो



जाएगा। उद्योगों के उत्पादन में गिरावट के कारण उद्योगों को बैंक ऋ ण भी वर्ष 2019 की तुलना में नीचा रहा है। अक्टूबर–दिसंबर 2021 तिमाही में औद्योगिक बैंक ऋण में सुधार अपेक्षित है। 2020–21 में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का उत्पादन एवं राजस्व भी प्रभावित हुआ है। आत्मनिर्भर भारत मिशन के तत्वावधान में, सरकार ने व्यवसायिक गतिविधियों में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की भागीदारी को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव दिया है। भारत में कारपोरेट सेक्टर के कार्य निष्पादन पर आरबीआई रिपोर्ट के अनुसार, मेन्यूफेक्चरिंग सेक्टर में मांग की स्थिति कोरोना महामारी के कारण देश व्यापी लॉकडाउन किया गया। इसके कारण 2019–20 की तुलना में 2020–21 में हर तिमाही में संकुचन की स्थिति रही। यद्यपि 2021 की मार्च तिमाही में इसमें सुधार हुआ था, किंतु अप्रैल–मई 2021 अवधि में लॉक डाउन के कारण उत्पादन और बिक्री दोनों ही में गिरावट रही। सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रयासों से कारपोरेट सेक्टर में भी जुलाई–2021 से सुधार की अपेक्षा की जा रही है। भारत सरकार देश में व्यापार अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे कि आवश्यक क्रियाकलापों और विनिमार्ण के क्षेत्रों में देश को वैश्विक केन्द्र बनाया जा सके। वर्षों पुराने विद्यमान नियमों और विनियमों को सरल और युक्तिसंगत बनाने हेतु बहुत सारे कदम उठाए गए हैं। ईज ऑफ डुइंग बिजिनेस रिपोर्ट–2020 के अनुसार वर्ष 2019 तकं विश्व के 190 देशों में भारत हर वर्ष प्रगति करता रहा है। वर्ष 2019 में भारत को 63वां स्थान प्राप्त हुआ है। लोहा एवं इस्पात, सीमेंट, कपड़ा, चीनी, कागज, औषधि, सूचना प्रौद्योगिकी, वाहन, रसायन, चाय एवं सैनिक साज–सामान ये भारत के प्रमुख उद्योग हैं। यहां पर इन उद्योगों की जिस स्थिति पर चर्च की जा रही है, वह 2018–19 की है। उद्योग के लिए प्रतिरक्षा विभाग के अंतर्गत भारत में सैनिक साज–सामान उद्योग बड़ी तेजी से उभर रहा है। गैर–सैनिक उद्योगों में पहले स्थान पर लौह एवं इस्पात उद्योग रहा है जो दूसरे बड़े से मझौले उद्योगों को उनकी जरूरत के लिए सामग्री पूर्ति करने के साथ ही दूसरे देशों को इस्पात निर्यात भी करता है। कपड़ा उद्योग भारत का सबसे पुराना उद्योग है। अब यह आधुनिक प्रतिस्पर्धा में ठहरने के लिए कपड़े से विभिन्न प्रकार की निर्मित सामग्री तैयार करता है। 360 बिलियन डॉलर के इस उद्योग में 450 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। आयात राजस्व में वस्त्रोद्योग का वर्तमान हिस्सा 15 प्रतिशत है। सूचना प्रौद्योगकी उद्योग में 177 बिलियन डॉलर की पूंजी लगी हुई और वर्तमान में में 41 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ। 55 बिलियन डॉलर का भारतीय औषधि उद्योग विश्व में 6वें स्थान पर है। भारत दुनिया में हर साल 20 बिलियन डॉलर मूल्य की वैक्सीन विदेशों को निर्यात करता है। भारतीय स्वचलित वाहन उद्योग का वार्षिक उत्पादन 300 मिलियन डॉलर के वाहनों का है जिसमें दुपहिया वाहन भी शामिल है। भारत का वाहन उद्योग का स्थान दुनिया के 7 वें बड़े निर्माता के स्थान पर है। इन वाहनों की सालाना उत्पादन 2 करोड़ध 67 लाख है तथा 67 लाख कर्मियों को रोजगार मिला हुआ है। भारतीय इंजीनियरिंग उद्योग निर्माण एवं विद्युत सामग्री दोनों का उत्पादन और निर्यात करता है। वर्तमान में भारतीय इंजीनियरिंग उद्योग हर साल 81 बिलियन डॉलर मूल्य का साज–सामान निर्यात कर रहा है। इसमें 2019 में 40 लाख लोगों को रोजगारी मिला हुआ था। भारतीय रसायन एवं पेट्रोलियम उद्योग में 118 मिलियन डॉलर की पूंजी लगी हुई है तथा इस उद्योग का भारत के निर्यात राजस्व में 9 प्रतिशत हिस्सा है।भारतीय कागज उद्योग का 600 बिलियन डालर का बाजार है। चाय उद्योग का वार्षिक टर्न ओवर 10 हजार करोड़ रुपये का है। यहां पर मैंने भारत के बड़े उद्योगों की मुख्य बिन्दु अतिसंक्षिप्त में चर्चा करने का प्रयास किया। 1990 से पूर्व भारत में औद्योगिक लायसेंस और परमिट व्यवस्था थी जिसका सरकार बड़ी कड़ाई से पालन करती थी। उसके कारण बड़े उद्योगों और छोटे उद्योगों, सरकारी उद्योगों और निजी उद्योगों के बीच रेखा खिंची हुई थी। 1990 के बाद धीरे–धीरे लायसेंस, परिमट, केन्द्रीकरण व्यवस्था समाप्त होती गई तथा कार्यकुशलता को प्राथमिकता मिलती गई। कुछ खास राष्ट्रहित क्षेत्रों को छोड़कर सार्वजनिक क्षेत्रों का भी एकाधिकार समाप्त होता गया है। अब उद्योगों में पूंजी निवेश पर मुनाफा होना जरूरी है जिससे कि पूंजी शेयर होल्डर को लाभांश मिल सके। भारत के बड़े उद्योग खासकर वाहन उद्योग चीन में निर्मित सैंकड़ों छोटे कल पुर्जे अपनी मशीनों में उपयोग करते हैं। अमेरिका, इंग्लैड, जर्मनी आदि देशों के लोकप्रिय ब्रांड नाम वाले कल पुर्जे वाहन एवं अन्य उद्योगों में उपयोग होनेवाली मशीनों के लिए सस्ते होने के कारण चीन से आयात हो रहे हैं, उदाहरण के लिए छोटे एवं बड़े सभी वाहनों की बैटरियां। पिछले एक साल से चीन से आयात होने वाले इन कल–पुर्जों का आयात नहीं हो पाने के कारण उपयोगकर्ता उद्योगों का उत्पादन रुका पड़ा है और ये उद्योग चीन से इन कल पूर्जों के आयात की इंतजार कर रहे हैं। भारत में सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी दर अधिक होने एवं अन्य नियमों के कड़ाई से पालन के कारण इन वस्तुओं की उत्पादन लागत अधिक आती है, इसलिए ये उद्योग चीनी वस्तुओं का उपयोग कर रहे हैं।

# दिशा पाटनी के घर के अंदर का नजारा







दिशा पाटनी ने धीरे–धीरे ही सही मगर बॉलिवुड में अपनी फिल्ध्मों और परफॉर्मेंस के जरिए खास जगह बनाई है। उनकी सोशल मीडिया पर भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। दिशा अक्ध्सर इंस्ध्टाग्राम पर अपनी तस्ध्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। ऐमजॉन वार्डरोब फैशन सेल 19 जून से 23 जून तक दिशा के पोस्ध्ट्स देखते ही देखते वायरल हो जाते हैं। अपनी ज्ध्यादातर तस्ध्वीरों में वह घर के अंदर पोज देती दिखती हैं और फैंस को स्ध्टाइलिश घर की झलक दिखाती हैं। अपनी वुडेन फ्लोरिंग वाली ग्रीन बालकनी से लेकर बेडरूम और लिविंग रूम तक, यहां हम आपको दिशा के घर के अंदर का नजारा अलग–अलग इंस्ध्टाग्राम पोस्ध्ट्स के जरिए दिखा रहे हैं।

## मौनी रॉय की योग करते हुए तसवीरें वायरल



आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है. ऐसे में बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत (झ्ंदहंदं त्ंदंनज) सोशल मीडिया पर योग स्टोरीज फैंस के साथ शेयर कर रही हैं. उन्होंने अपनी बहन रंगोली चंदेल की योग करते हुए तसवीर पोस्ट की हैं और साथ में एक शानदार कैप्शन भी लिखा है. वहीं, कॉमेडियन कपिल शर्मा (झ्ंचपस ैंतउं) ने अपने बेटे त्रिशान शर्मा (ज्तपींद ैंतउं) की सबसे पहली फोटो इंटरनेट पर पोस्ट की हैं. इस तसवीर में उनकी बेटी अनायरा भी है. बॉलीवुड और टीवी जगत से जुड़ी खबरों के लिए बने रहें हमारे साथ... शहनाज गिल का ग्लैमरस फोटोशूट पंजाब की कैटरीना के नाम से मशहूर शहनाज गिल ने अपनी लेटेस्ट तसवीरें शेयर की हैं जिसमें वो बेहद ग्लैमरस नजर आ रही हैं. इन तसवीरों को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं कमेंट के जरिए प्यार बरसा रहे हैं. मौनी रॉय की तसवीरें वायरल मौनी रॉय ने योग करते हुए अपनी कुछ तसवीरें शेयर की हैं जिसमें वो अलग अलग मुद्राओं में नजर आ रही हैं. माधुरी दीक्षित का योग वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल माधुरी दीक्षित ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर लिखा, आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाते हुए योग में मेरे साथ शामिल हो. आलिया भट्ट का योग वीडियो बॉलीवुड एक्ट्रेस ने आलिया भट्ट ने अलग अलग योग आसन करते हुए एक वीडियो फैंस के साथ शेयर किया है. करीना कपूर ने विश्व योग दिवस पर शेयर की बिकिनी फोटो अमिताभ बच्चन ने योग को बताया बेस्ट फ्रेंड अभिनेत्री नीतू कपूर ने अपनी बेटी रिद्धिमा के साथ मिलकर योग किया अभिनेत्री नीतू कपूर ने अपनी बेटी रिद्धिमा और नातिन समारा के साथ मिलकर योग किया. योग दिवस पर कंगना का स्पेशल पोस्ट कंगना रनौत ने अपनी तसवीर शेयर कर लिखा, ष्रुअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस शुभ अवसर पर मैं सभी गुरुओं के एकमात्र गुरु, पहले योगी, दिव्य प्राणी को धन्यवाद देना और याद करना चाहती हूं, जिन्हें यक्षरूपा कहा जाता था, जिसका अर्थ एक एलियन भी है जो इस ग्रह पर कहीं और से आया है ताकि मानवता को ज्ञान का उपहार दे सकें. जिस योगी ने हमें योग का वरदान दिया, वह आदियोगी कहलाया, अर्थात प्रथम योगी... भगवान शिव के रूप में भी जाना जाता है. उन्हें मानवता के लिए उनके योगदान के लिए पर्याप्त श्रेय नहीं मिलता है, भले ही वह योग जैसे कई उपहारों के माध्यम से हमारे बीच कायम हैं. मैं उन्हें नमन करती हूं और सप्त (सात) ऋषियों के माध्यम से हमें योग का उपहार देने के लिए उनका धन्यवाद करती हूं. रुअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ओम नमः शिवाय.ष हेमा मालिनी ने योग करते हुए शेयर की फोटो हेमा मालिनी ने योग करते हुए अपनी तसवीर शेयर कर कैप्शन में लिखा, ष्अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस फिर से आ गया है! इस महामारी ने हमें अपनी सहनशक्ति और कोविड के हमले का सामना करने की क्षमता में सुधार के लिए व्यायाम और योग का महत्व सिखाया है।

## एक साथ छह फिल्में कर रही हूं: रकुल प्रीत सिंह



रकुल प्रीत सिंह आज सुबह से सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही हैं। दरअसल इस अभिनेत्री को लेकर ये दावा किया जा रहा है कि उन्हें तेलुगु सिनेमा में काम नहीं मिल रहा है। इन रिपोर्ट्स को खारिज करते हुए रकुल प्रीत सिंह ने जवाब दिया है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस तरह की रिपोर्ट्स पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी और इसे गलत बताया। इसके साथ ही अभिनेत्री ने कहा वो फिलहाल छह फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं और इससे अधिक वो एक साथ नहीं कर सकतीं। इस बात से हैरान है रकुल प्रीत सिंह रकुल प्रीत सिंह ने इस खबर को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया। उन्होंने लिखा, श्मैं हैरान हूं कि मैंने ऐसा कब कहा है। दोस्तों साल में सिर्फ 365 दिन होते हैं और अगर आप 6 से अधिक फिल्मों की डेट एडजस्ट करने में मेरी मदद कर सकते हैं तो मेरी टीम की मदद करिए। क्योंकि अभी मैं छह फिल्में कर रही हूं। इसी के साथ उन्होंने हैशटैग डाला जिसमें उन्होंने लिखा श्हेडलाइन के लिए कुछ भी।श रकुल प्रीत सिंह – फोटो रू प्देजंहतंउ रिपोर्ट्स का दावा– नहीं मिल रही रकुल को तेलुगु फिल्में रकुल प्रीत सिंह एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो हिंदी फिल्मों के साथ–साथ साउथ की फिल्मों में भी सक्रिय हैं। इस रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि रकुल ने एक बातचीत में ये कहा था कि उन्हें अब तेलुगु फिल्मों के ऑफर नहीं मिल रहे हैं, क्योंकि वो लगातार बॉलीवुड में फिल्में करने में व्यस्त हैं। आखिरी बार अभिनेत्री को साल 2020 में डायरेक्टर निथिन की फिल्म श्चेकश में देखा गया था। इस फिल्म में रकुल के अलावा प्रिया प्रकाश वारियर भी मुख्य भूमिका में थीं। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स–ऑफिस पर अपना जादू बिखेरने में नाकामयाब हुई थी। सरदार का ग्रैंडसन में अर्जुन के साथ आई थीं नजर हाल ही में रकुल प्रीत सिंह की फिल्म श्सरदार का ग्रैंडसन आई थी। इस फिल्म में उनके साथ अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका में थे। फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया गया था। इसके अलावा अगर रकुल प्रीत की आगामी फिल्मों की बात करें तो वो जल्द ही अनुभूति कश्यप की कैंपस कॉमेडी–ड्रामा श्डॉक्टर जीश, अजय देवगन की श्मेडेश, इंद्र कुमार की एक कॉमेडी फिल्म और रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित श्छत्रीवालीश में नजर आने वाली हैं। सरदार का ग्रैंडसन को समीक्षकों से अच्छी प्रतिक्रियाएं नहीं मिली।

## ईशा गुप्ता ने दिलकश अदाओं से लूटी महफिल









बॉलीवुड की हॉट एक्ट्रेस ईशा गुप्ता सोशल मीडिया पर अक्सर अपने लेटेस्ट फोटोशूट से फैंस को ट्रीट देती नजर आती हैं। एक बार फिर ईशा गुप्ता ने अपने हॉट अंदाज से इंस्टाग्राम पर कहर बरपा दिया है।



## कोरोना टाइम में नाखून लंबे ना रखें, बढ़ाने हैं तो इन बातों पर ध्यान जरुर दें

हाथों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए महिलाएं लंबे नाखूनों का शौक रखती हैं लेकिन आप शायद यह नहीं जानती कि ये आदत आपको गंभीर संक्रमण का शिकार बना सकती है। जी हां, ज्यादा लंबे नाखून रखने से इंफेक्शन के अलावा कई दिक्कतें हो सकती हैं। इसलिए समय-समय पर नाखून काटना बहुत जरूरी है, खासकर कोरोना जैसी महामारी में। अगर नाखून लंबे रखने भी हो तो उसकी सफाई पर ध्यान देना भी जरूरी है। चलिए आज आपको बताते हैं नाखूनों को साफ कैसे रखें?

नाखून ज्यादा लंबे न हो

लंबे नाखूनों की सही तरीके से सफाई नहीं हो पाती, जिससे पिनवर्म्स पैदा हो जाते हैं। वहीं, गंदगी के कारण नाखूनों में घातक बैक्टीरिया भी जमा हो जाते हैं जो मुंह से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इससे आपको दस्त, उल्टी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए हमेशा नाखून को एक या दो बार अच्छे से साफ करें।

नाखूनों पर न जमने दें गंदगी

इंफेक्शन से बचने के लिए हैंड वॉश करते समय अपने नाखूनों को भी अच्छी तरह से साफ करें। आप पेपर फाइलर से नाखूनों के अंदर की गन्दगी को साफ करें। इसके अलावा आप नेल ब्रश या नेल फाइलर की मदद से भी क्लीन कर सकते हैं।

नेल पॉलिश को करे अवॉइड

जितना हो सके कोरोना काल में नेल पेंट को अवॉइड करें। कुछ नेल पेंट में एसेटोन नाम का एसिड होता है जो नाखूनों को बिल्कुल ड्राई बना देता है, जिससे उनकी परत निकलने लगती है।

साबुन से हाथ धोना ही काफी नहीं

लोगों को लगता है कि सिर्फ साबुन से हाथ धोने पर नाखून भी साफ हो जाएंगे जो गलत है। स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि इन्हें समय पर काटा जाए और अच्छी तरह साफ किया जाए।

समय पर काटें बच्चों के नाखून

बच्चों के नाखून भी समय-समय पर काटते रहें क्योंकि गर्मियों के इस मौसम में कई बार खुजली से राहत देने के लिए बच्चे खुद को खरोंचकर चोट पहुंचा सकते हैं। वहीं, बच्चे नाखूनों की सफाई को लेकर बड़ों से भी ज्यादा लापरवाह होते हैं इसलिए समय-समय पर इन्हें काटना ही बेहतर उपाय है।



## महिलाओं में हार्ट अटैक के है ये सामान्य लक्षण, इनको गलती से भी न करें नजरअंदाज



आज कल के दौर में हार्ट अटैक हर उम्र के लोगों में देखा जा रहा है। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक, सभी को दिल के बीमारी से खतरा है। ऐसे में महिलाओं का अच्छा खान-पान न होने की वजह से यह बीमारी उनमें तेजी से बढ़ती जा रही हैं। सीने में दर्द और बैचेनी हार्ट अटैक के आम लक्षण हैं, लेकिन अकसर महिलाएं इस नजरअंदाज कर देती है जिस वजह से बाद में उन्हें बड़ी हानि का सामना करना पड़ता है।

एक डाटा के अनुसार, हर साल तीन में एक महिला की मौत दिल का दौरा पड़ने से होती है। महिलाओं में ये खतरा मेनोपॉज के बाद शरीर में एस्ट्रोजेन हार्मोन की मात्रा कम होने की वजह से और भी बढ़ जाता है। इसलिए ये जरुरी है कि बाकी पारिवारिक मेंबरों की तरह खुद का भी खास ख्याल रखें। आईए जानते हैं इसके लक्षणों के बारे में और क्या है इसके बचाव?

क्यों आता है हार्ट अटैक?

हमारे शरीर में एक हार्ट ही ऐसा आर्गन है जोशरीर के बाकी हिस्सों में खून और ऑक्सीजन की सप्लाई होती है लेकिन जब ये पंप सही ढंग से काम नहीं करता तो खून और ऑक्सीजन को शरीर के बाकी हिस्सों में पहुंचाने में काफी समस्या होती है और ऐसा होने के कारण खून का प्रवाह रुकता है और हार्ट अटैक जैसी आशंका बढ़ जाती है।

अगर आपकों अपने शरीर में ये लक्षण दिखाई देते है तो इसे बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें, फौरन चिकित्सक से संपर्क करें और अपना खान-पान का ध्यान रखें-

-पीठ में दर्द रहना या हाथ और जबड़ों में दर्द के साथ खिंचाव महसूस हो, तो इसे बिल्कुल हल्के में ना लें।

-उल्टी आना या जी मचलाना इसके अलावा अगर हर दिन सिर चकराने जैसी परेशानी हो रही हो तो ये हार्ट अटैक का लक्षण हो सकता है।

- पेट में तेज दर्द और ज्यादा पसीना निकलना भी हार्ट अटैक का एक लक्षणहै। अगर आपके शरीर से ठंडा पसीना निकले तो डॉक्टर से जरूर चेकअप करवाएं।

-अगर आपकी सांसें फूलती हैं यां बिना वजह थकावट या बैचेनी महसूस होती है तो यह भी हार्ट अटैक का एक लक्षण हो सकता है।

इन सावधानियों का रखें ख्याल-

-हार्ट अटैक से बचने के लिए 30 की उम्र के बाद महिलाएं रेग्युलर चेकअप कराएं। साथ ही अपने वजन पर भी कंट्रोल भी रखें। -ब्लड प्रेशर की नियमित जांच कराएं। हैल्थी डाइट लें। खाने में फाइबर युक्त पत्तेदार सब्जियों के अलावा सोयबीन, छिलके वाली दाल और राजमा जैसी चीजें खाएं जिससे शरीर में एस्ट्रोजेन हार्मोन बना रहेगा।

-खाने में नमक, चीनी और सैचुरेटेड फैट की मात्रा कम रखें। हर रोज एक्सरसाइज और योगा के लिए जरूर समय निकालें।

-अगर आप खाना जल्दी-जल्दी खाते हैं तो आदत को फौरन छोड़ दें क्योंकि आपको अपने मेटाबॉलिज्म और शारीरिक सक्रियता के अनुसार ही कैलोरी लेनी चाहिए।

हार्ट प्रॉब्लम से पीड़ित हैं, तो रखें बातों का ध्यान-

डेली डाइट या मिताहार करें। संतुलित और पौष्टिक खाना वजन नियंत्रण और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। अगर आप हार्ट प्रॉब्लम से पीड़ित हैं, तो आपको अपने आहार में फल, सलाद, हरी सब्जियां, साबुत अनाज शामिल करना चाहिए। आपको अपने दिन के भोजन में तेल और घी की खपत को बहुत कम करना चाहिए। धूम्रपान से भी दूरी बनाएं रखें।



## सुबह खाली पेट खाएं सिर्फ 2 लौंग, कोरोना समेत कई बीमारियों का रामबाण इलाज

भारतीय रसोई में लौंग का इस्तेमाल भोजन का स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है। मगर, सेहत के लिहाज से भी लौंग का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। आयुर्वेद में लौंग का इस्तेमाल जड़ी-बूटी के रूप किया जाता है। चलिए आज हम आपको लौंग के कुछ ऐसे फायदे बताते हैं, जिसे जानने के बाद आप इसका इस्तेमाल शुरू कर देंगे।

कैसे करें लौंग का इस्तेमाल?

. भोजन के साथ-साथ आप लौंग की चाय, सब्जी, पुलाव, खीर बनाकर पी सकते हैं। इसके अलावा लौंग का काढ़ा भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है।

. सोने से पहले 2 लौंग को अच्छी चबाकर 1 गिलास गुनगुना पानी पीएं। इससे भी आपको फायदा मिलेगा।

मजबूत इम्यून सिस्टम

लौंग एक तरह का इम्यूनिटी बूस्टर है, जो सर्दी-खांसी, गले में खराश और बुखार से बचाने में मदद करता है। इसके लिए सुबह खाली पेट 2 लौंग का सेवन करें या इसकी चाय बनाकर पीएं।

कम होगा संक्रमण का खतरा

इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो कोरोना संक्रमण से बचाने में मददगार है। इससे शरीर के सभी बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं।

लिवर को रखे हेल्दी

इसके एंटी-इंफलेमेट्री गुण लिवर से सभी विषैले तत्वों को बाहर निकाल देते हैं। साथ ही यह लिवर की सूजन घटाने में भी मददगार है।

सीने में जलन और एसिडिटी

सीने में जलन या एसिडिटी हो तो 2 लौंग चूस लें। साथ ही इसकी चाय बनाकप पीने से भी पेट की समस्याएं भी दूर हो जाती हैं।

शुगर लेवल कंट्रोल

इसके एंटी-ऑक्सीडेंट्स तत्व खून में ग्लूकोज को कंट्रोल करते हैं और इंसुलिन प्रोडक्शन को बढ़ावा देते हैं। ऐसे में डायबिटीज मरीजों के लिए इसका सेवन काफी फायदेमंद हो सकता है।

वजन कंट्रोल करें

लौंग की चाय मेटाबॉलिक रेट बढ़ाने में मददगार होती है, जिससे वजन कंट्रोल में रहता है। साथ ही यह फैट बर्न करने में भी मददगार है।

## गर्मियों में पीएं ठंडा दूध, मिलेंगे ये 7 जबरदस्त फायदे



दूध और इसके उत्पादों के महत्व के बारे में दुनियाभर को जागरुक करने के लिए हर साल 1 जून को ईवतसक डपसा क्लश यानी श्वश्वि दुग्ध दिवस सेलिब्रेट किया जाता है। वहीं बात दूध पीने की करें तो बच्चे से लेकर बड़ों तक बहुत से लोग दूध का सुनते ही मुंह बनाने लगते हैं। मगर असल में, दूध कई पोषण तत्व व एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर होता है। इसका सेवन करने से शरीर अंदर से रिपेयर होता है। दिनभर एनर्जेटिक रहने में मदद मिलती है।

वहीं बात इसे पीने की करें तो गर्म की तुलना में ठंडा दूध पीना ज्यादा फायदेमंद माना गया है। इसका सेवन करने से पेट संबंधी परेशानियां दूर होकर दिनभर एनर्जेटिक महसूस होता है। साथ ही बीमारियों की चपेट में आने का खतरा कई गुणा कम रहता है। वहीं गर्मियों में इसका सेवन करने से ठंडक का अहसास होता है। तो चलिए आज ईवतसक डपसा क्लश यानी श्वश्वि दुग्ध ा दिवश्‍ के दिन हम आपको ठंडा दूध पीने के अनगिनत फायदों के बारे में बताते हैं...

ऐसे करें सेवन

आप ठंडे दूध को सीधे या फिर उसमें फ्लेवर मिक्स करके पी सकती है। आजकल बाजार में चॉकलेट, स्ट्रॉबेरी व कई तरह फ्लेवर आसानी से मिल जाते हैं। ऐसे में आप अपने टेस्ट के हिसाब से इस चुनकर दूध में मिलाकर पी सकती है। मगर अगर कहीं आपको सर्दी या जुकाम है तो ठंडा दूध पीने से बचें। तो चलिए अब जानते हैं ठंडा दूध पीने के फायदे...

- मिलेगी एनर्जी

अच्छी नींद पाने के लिए गुनगुना दूध पीना बेस्ट माना जाता है। दरअसल दूध में अमीनो एसिड ट्रिप्टोफान होता है। ऐसे में दूध गर्म करके इसे स्टार्च वाले फूड के साथ पीने से यह दिमाग में चला जाता है। ऐसे में नींद आने लगती है। वहीं ठंडा दूध प्रोटीन से भरपूर होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से दिनभर तरोताजा महसूस होता है।

- वजन घटाए

जिन लोगों को बार-बार भूख लगती है। उन्हें अपनी डेली डाइट में ठंडा दूध शामिल करना चाहिए। आप चाहें तो इसमें ओट्स, ड्राई फ्रूट्स आदि कुछ मिलाकर खा सकती है। यह भूख को शांत करने में मदद करता है। ऐसे में वजन बढ़ने की परेशानी से बचाव रहता है।

- मजबूत हड्डियां

रोजाना दूध का सेवन करने से मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आती है। ऐसे में बेहतर शारीरिक विकास के लिए हर उम्र के लोगों को इसका सेवन करना चाहिए।

- शरीर को रखे हाइड्रेट

ठंडे दूध में एलेक्ट्रोलाइट्स होने से यह शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। वहीं दिन में 2 गिलास ठंडा दूध पीने से शरीर में नमी बरकरार रहने के साथ एनर्जी मिलती है। इसे सुबह से समय पीना बेस्ट माना जाता है।

- पाचन रखे दुरुस्त

ठंडा दूध पीने के घी, तेल व अधिक फैट वाला भोजन आसानी से पच जाता है। वहीं एसिडिटी, अपच आदि पेट संबंधी समस्या से आराम पाने के लिए ठंडा दूध पीना बेस्ट ऑप्शन है।





- भारी वर्क आउट के बाद एनर्जी दिलाए

जिम के बाद मसलप्स को रिपेयर होने के लिए प्रोटीन और एनर्जी की जरूरत होती है। ऐसे में ठंडा दूध पीने से इसकी कमी पूरी होती है। इससे थकान दूर होकर शरीर को अंदर से मजबूती मिलती है।

- खूबसूरती बढ़ाए

पीने के साथ चेहरे पर ठंडा दूध लगाने से इसकी खूबसूरती निखर कर आती है। यह त्वचा पर टोनर व क्लींजर की तरह काम करता है। ऐसे में रुखी, बेजान त्वचा को पोषण मिलता है।

# एन एच आई के अधिकारी की उदासीनता

**– कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण आए दिन हो रहा है राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना दर्जनों लोग अब तक गवा चुके हैं जाने**

**– ट्रको को ट्रक लाबी में ना खड़ी करके बीच सड़कों पर ड्राइवरों द्वारा ट्रक खड़ी करने के कारण बढ़ती जा रही है दुर्घटना**

अमिटरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। विदित है किराष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएच 28 द्वारा सड़क निर्माण कार्य के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रकों को खड़ा करने के लिए ट्रक लावी बनाई गई है जिसमें ट्रकों को खड़ा करने की व्यवस्था है परंतु नेशनल हाईवे के किनारे जगह जगह ढाबा खोलकर चाय की दुकान खोल कर बाहर से आकर के औरतें दुकान चलाती हैं जगह जगह हांडी बिरियानी की दुकानें सजी हैं इन दुकानों पर अपने अपने हिसाब से ट्रक ड्राइवर अपनी अपनी मनपसंद दुकानों पर ट्रकों को गैर कानूनी ढंग से गैर व्यवस्थित खड़ा कर देते हैं जिसके कारण पीछे से आ रहे लग्जरी बसें ,डीसीएम छोटी गाड़ियां आदि नेशनल हाईवे पर तेज गति से चलती हुई पीछे से आकर टकरा जाती हैं इस तरह की गोरखपुर से लेकर बिहार बॉर्डर तक दर्जनों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें दर्जनों लोगों ने अपनी अपनी जान गवा चुके हैं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी अपना सारा समय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बैरियर पर ही समय देते हैं जब उनको दुर्घटना की आहट मिलती है तो बस इतना जरूर करते हैं कि घायल को गाड़ी में उठाकर अस्पताल पहुंचा देते हैं उसके बाद अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं ट्रक, ट्रक लाबी में न खड़ी होकर के अनियंत्रित राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ी रहती हैं। इससे इनका कोई लेना देना नहीं है कभी इन्होंने अभियान चलाकर ट्रक चालकों को नही समझाने का प्रयास किया है ना उन के विरुद्ध कोई कार्यवाही की है आज भी ट्रक के राष्ट्रीय राजमार्ग पर अव्यवस्थित खड़ी रहती हैं जो दुर्घटना को दावत दे रही है मंगलवार को बहादुरपुर पुलिस चौकी के सामने एक कार नंबर डीएल 8ब एक्स 6430 खड़ी ट्रक से टकरा गई शुक्र है कि जिसमें सवार लोग बाल बाल बच गए लेकिन सोमवार को नेशनल हाईवे पर जा रहे व्यक्ति को एक लग्जरी कार में ठोकर मारी जिससे उनकी मृत हो गए ऐसी घटनाएं परायहरू हो रही हैं इसके जिम्मेदार राष्ट्रीय राजमार्ग के रखवाले हैं जिन्होंने ट्रकों को पूरा छूट दे रखी है कि जो चाहे जहां खड़ी करें ट्रक ड्राइवर ढाबा हो या औरतों की दुकानें हो,परायह वहां अव्यवस्थित खड़ी कर देते हैं जिससे जान सस्ता हो गया विगत दिनों तमकुही राज तहसील गेट के बगल में एक डंपर को ट्रक ने मारा ट्रक में आग लग गई कल एक ट्रक खड़ी थी जिसमें पीछे से तेज गति से डीसीएम ने ठोकर मारा उसके ड्राइवर खलासी चोटिल हो गए जिसको तमकुही पुलिस चौकी प्रभारी सुनील सिंह अपनी गाड़ी से उठाकर तमकुही सीएचसी दवा इलाज कराएं अगर यही स्थिति बनी रही तो अधिकारियों की लापरवाही के कारण आए दिन जाने जाती रहेंगी पुलिस सड़क से उठाती रहेगी लोग मरते रहेंगे नेशनल हाईवे के अधिकारी पैसा वसूलने में मस्त रहेंगे उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं इसके लिए जिले के उच्च अधिकारी को शासन में बैठे लोगों को आवश्यक कदम उठाना चाहिए।

## आरओ प्लांट लगवाकर किया ऐतिहासिक काम

अमिट रेखा – रमेश जायसवाल

हाटा – कुशीनगर। जनपद के हाटा ब्लॉक के ग्राम सभा खड्डा में डॉक्टर परशुराम पटेल ने अपने गांव के लोगो के लिए आरओ प्लांट लगवाकर एक ऐतिहासिक काम किया है।इस आरओ प्लांट से ग्राम सभा के लोग फ्री में शुद्ध पानी का सेवन कर सकेंगे।आरओ प्लांट का उद्घाटन मुख्य अतिथि हाटा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारीध्उप जिलाधिकारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुश्री भावना सिंह ने कहा कि ऐसा पुनीत काम कोई महापुरुष परशुराम सिंह ही कर सकता है। जिसमे राजेश प्रताप राव, रमेश जायसवाल,रवि पटेल,राजन पटेल,सुधीर राव, ललन चौधरी,एस एन चौधरी,रामनरेश पटेल,विजयशंकर पटेल,आदि ग्राम सभा के सभी सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत दुदही में कूड़े के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं – मनोज कुंदन

अमिट रेखा – हरेंद्र पाल

गुरवलिया बाजार – कुशीनगर। जनपद के विकासखंड दूदही के नवसृजित नगर पंचायत के कूड़े रिहायशी इलाकों में फेंका जा रहा है जिससे तमाम बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। कूड़े से निकलने वाली आरसेनिक गैस और बदबू से स्थानीय निवासियों का जीना बेहाल हो गया है। एवं राहगीर को आने–जाने में मशक्कत हो रही है। जिससे स्थानीय निवासियों जैसे–शक्तिसेन कुशवाहा, नंदकिशोर चौहान, गोपाल मद्धेशिया, जमीर अंसारी, विवेक वर्मा, मोहन मद्धेशिया, जयप्रकाश रौनीयार, हरिकिशुन शर्मा, सुनील बैठा आदि लोगों में जनआक्रोश है। यदि प्रशासन तत्काल इसकी निस्तारण की व्यवस्था नहीं करती है तो जनआंदोलन के लिए उतारू हो जाएंगे। लोगों द्वारा, सूचना दिए जाने पर उपरोक्त समस्या का जायजा लेने पहुंचे युवा भाजपा नेता नमो सेना के प्रदेश मंत्री मनोज कुंदन, एडवोकेट ने लोगों को आश्वस्त किया कि इस संबंध में जिम्मेदार लोगों से शीघ्रातिशीघ्र वार्ता करके उचित समाधान निकाला जाएगा।इस अवसर पर कन्हैया मद्धेशिया व डॉ राजन कुशवाहा ने कहा कि यदि इसका निस्तारण नहीं हुआ तो भयानक बीमारी फैल जाएगी।

## हिस्से को लेकर विवाहिता पर हमला कपड़े फाड़ने का आरोप, चार के विरुद्ध

अमिट रेखा प्रतापगढ। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सराय मधई गांव में संपत्ति के बंटवारे को लेकर सास–ससुर तथा देवरो ने विवाहिता पर हमला बोल दिया द्य मारपीट के दौरान आरोप है कि विवाहिता के कपड़े भी फाड़े गए द्य इसके पूर्व भी अप्रैल में विवाहिता की पिटाई की गई थी, जिसकी रिपोर्ट दर्ज है। घायल विवाहिता कोतवाली आई और सास–ससुर तथा दोनों देवरों को नामजद करते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है। सराय मधई निवासिनी कमर जहां पत्नी गुलजार अहमद का आरोप है कि उसका पति रोजगार के सिलसिले में दिल्ली रहता है द्य ससुराली उसे पैतृक जमीन व मकान में हिस्सा नहीं दे रहे हैं। आए दिन उसे घर से निकालने की धमकी देते रहते हैं विवाद को लेकर लगातार उसे प्रताड़ित किया जा रहा है मंगलवार की सुबह 8रू00 बजे ससुर इसरार सास मदीना देवर अरमान व सलमान ने उस पर हमला बोल दिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी आरोप है कि इस दौरान उसके कपड़े भी बद नियति से फाड़ दिए गए पीड़िता ने मामले में कोतवाली पुलिस को चारों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## दहेज मे 500000 रुपया व सोने की चौन ना देने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से भगाया

अमिट रेखा प्रतापगढ ब्यूरो। पट्टी । पट्टी कोतवाली क्षेत्र के धनगढ सराय छिवलहा गांव की एक बेटी को दहेज लोभियों ने दहेज में घ्5 लाख सोने की चौन व सोने की अंगूठी ना देने पर मारपीट कर घर से भगाया कोतवाली में तहरीर। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गांव धनगढ सराय छिवलहा निवासनी रेशमा वर्मा पुत्री अशोक कुमार वर्मा की शादी 25 जून 2020 में मुकेश कुमार वर्मा पुत्र रामबरन वर्मा निवासी बहोरिकपुर अहिरौली थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर के साथ हुई थीं पिता ने अपनी क्षमता के अनुसार शादी मे दान दहेज भी दिया था लेकिन शादी के बाद से ही ससुराली जन उसे प्रताड़ित करते रहे ,जिसमें बीते सोमवार को विवाहिता को पति मुकेश देवर नरेश ससुर रामबरन,सास उमा देवी, ननद अन्तिमा ने मिलकर मारापीट और कमरे में बंद कर दिया कहा कि अपने पिता के घर से घ्500000 व सोने की चौन ,अंगूठी जाकर ले आओ तब मेरे घर आना इसकी सूचना मैने पिता को दी,पिता अशोक कुमार सोमवार की शांय 5:00 बजे बेटी की ससुराल जाकर अपनी बेटी को दहेज लोभियो के चंगुल से छुड़ाकर घर ले आया मामले की तहरीर कोतवाली में दी।

## गुठनी मैरवा मुख्य मार्ग पर मिला युवक का शव

अमिट रेखा मेहरौना लार।

गुठनी मैरवा मुख्य मार्ग पर केल्हरुआ मंदिर के पास एक युवक का शव सड़क पर मिला है किसी वाहन के कुचल देने से चेहरा पूरी तरह क्षत–विक्षत हो गया है युवक की पहचान नहीं हो पाई है शव मंगलवार को भोर में करीब 3 बजे, गुठनी पुलिस को मौके पर मिला लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई है समाचार लिखे जाने तक शव के बारे में कुछ अता पता नहीं चला है।

## जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों हेतु निर्धारित की गई तिथी

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार द्वारा जनपद में हो रहे विकास कार्यो की स्थलीय सत्यापन हेतु गठित ग्राम स्तरीय टीम के लिए निर्धारित की तिथि ।जिलाधिकारी द्वारा निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जिला विकास अधिकारी–जिला सोशल आडिट कोआडिनेटर व ब्लाक सोशल आडिट कोआडिनेटर ग्रामों में जायेगें तथा स्थलीय सत्यापन कर उसी दीन रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल को प्रेषित करेंगे। स्थलीय सत्यापन–निरीक्षण में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं तथा राज्य सरकार की संचालित सभी योजनाओं को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी । सोशल आडिट में सदर ब्लाक,मिठौरा,निचलौल, सिसवा,घुघुली,परतावल, पनियरा,फरेन्दा,नौतनवा,लक्ष्मीपुर बृजमनगंज में 23,25,30 जून 2021 तथा 2,7,9,14,23,27,28 जुलाई तक एवं धानी में 23,25,30जून व 2,7,9 जुलाई 2021 तक किया जायेगा।

## अब फरियादियों को नहीं काटने होंगे थानों के चक्कर एसएसपी के कंट्रोल रूम से मिलेगी सभी को मदद

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

गोरखपुर। अगर आप अपनी किसी समस्या के फरियाद लिए घ्गोरखपुर के किसी भी थाने का चक्कर काट रहे हैं या फिर आपके पास अपराध व अपराधियों के बारे में कोई सटीक जानकारी है, तो इसके लिए अब आपको पुलिस थानों के चक्कर नहीं काटने होंगे। बल्कि अब आपकी हर समस्या पर जिले के पुलिस कप्तान की सीधी नजर होगी और आप बिना उनके पास गए घर बैठे ही अपनी फरियाद पुलिस अधिकारियों तक पहुंचा सकेंगे। खास बात यह होगी कि अगर आपकी फरियाद सही है, तो आपके मामले में फैसला भी ऑन द स्पॉट होगा। यानी कि आपको तत्काल मदद दी जाएगी। साथ ही आपके काम में लापरवाही करने वाले थानेदारों पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए गोरखपुर एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने एक अच्छी पहल की है। इसके लिए एसएसपी कैंप कार्यालय पर एक कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है। जिसकी मॉनीघ्टरिंग सीधा जिले के पुलिस कप्तान खुद करेंगे। इस कंट्रोल रूम पर आने वाली शिकायातों को तत्काल निस्तारित भी किया जाएगा। सबसे अहम बात यह है कि इसके लिए आपको जिले के दुर दराज इलाकों से पुलिस दफ्तर आकर एसएसपी से मिलने की भी जरूरत नहीं होगी, बल्कि घर बैठे अब कोई भी अपनी समस्या ऑनलाइन पुलिस कप्तान तक पहुंचा सकेगा।

इतना ही नहीं अगर आपके आसपास कोई गलत काम हो रहा है या फिर आपको किसी अपराध या अपराधी के बारे में कोई ठोस जानकारी है तो, आप वह भी एसएसपी के कंट्रोल रूम से शेयर कर सकेंगे। एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने बताया कि दफ्तर में बैठने के साथ ही छोटीकृछोटी समस्याओं को लेकर दूरकृदराज इलाकों से फरियाद लेकर आने वाले लोगों की लाइन लग जाती है। ऐसे में इस बात से कतई इंकार नहीं किया जा सकता कि पुलिस थानों पर आम पब्लिक के समस्या की ठीक से सुनवाई नहीं होती। ऐसे में अगर सभी समस्याएं पुलिस अधिकारियों या फिर मुख्यमंत्री के जनता दरबार तक आए तो फिर थानों पर तैनात थानेदारों का क्या काम? एसएसपी ने बताया कि इसे देखते हुए एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। जो मेरे कैंप कार्यालय से संचालित होगा। साथ ही उसकी मॉनीटरिंग भी मैं स्वयं करूंगा। इस कंट्रोल रूम पर किसी भी तरह की शिकायत या सूचना ऑनलाइन शेयर की जा सकती है। जिसका तत्काल निस्तारण भी होगा।

शिकायत व सूचनाएं रखी जाएंगी गोपनीय

वहीं, पुलिस थानों पर रिश्वत मांगने से लेकर आम पब्लिक के साथ ठीक व्यवहार करने की भी शिकायत अक्सर मिलती है। इसे देखते हुए कंट्रोल रूम बनाने का फैसला लिया गया है। जिसका प्लान भी लगभग पूरी तरह तैयार किया जा चुका है। उम्मीद है इसी हफ्ते कंट्रोल रूम का संचालन भी शुरू हो जाएगा। इस कंट्रोल रूम में खास बात यह होगी कि यहां आने वाली शिकायतों व सूचनाओं को पूरी तहर से गोपनीय भी रखा जाएगा। ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें। इससे लोगों को मदद तो मिलेगी ही, साथ ही आम पब्लिक का पुलिस से जुड़ाव भी होगा।

सोशल मीडिया के जरिए भी कंट्रोल रूम से जुड़ सकेंगे लोग

पुलिस कप्तान ने कहा कि आज यह देखने को मिलता है कि पुलिस से अधिक जानकारी किसी भी मामले में आम पब्लिक को होती है, लेकिन वह पुलिस के व्यवहार व भय से अपनी बात उन तक पहुंचाने में कतराते हैं। इसके इसके लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जाएगा। जिसमें शिकायत करने के लिए बकायदा मोबाइल नंबर जारी होंगे। साथ ही व्हाट्सअप ग्रुप, फेसबुक पेज व ट्वीटर हैंडल के जरिए भी लोगों को कंट्रोल रूम् से जोड़ा जाएगा। इसके लिए एसएसपी का मोबाइल नंबर 9454400273, एसएसपी पीआरओ 9454403528 के अलावा भी जल्द ही कुछ अन्य नंबर भी जारी किए जाएंगे।

## योग दिवस पर नन्हे–मुन्ने बालको ने दिखाया कला

अमिट रेखा मेहरौना लार

खुखुन्दू , योग दिवस के अवसर पर सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न तरीकों से योग दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम थाना परिसर में थानाध्यक्ष अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने योगाभ्यास किया। स्वामी विवेकानंद बाइट युवा चेतना समिति खुखुन्द्दू के कार्यालय पर नेहरू युवा केंद्र के पूर्व एन वाई वी हुस्नारा खातून के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर नन्हे कलाकारों आयान व चाँदनी ने अपना विभिन्न आयामों का योग कला दिखा कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंचायत भवन खुखुन्द्दू पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जयराम प्रसाद के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया । जिसमें पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य लियाकत अहमद, क्षेत्र पंचायत सदस्य बृजेश यादव, सिराज भाई, ग्राम पंचायत सदस्य डॉ इलियास अहमद, देवनाथ प्रसाद, विश्वनाथ यादव आदि ने भाग लिया।

## मिशन २०२२: बीएल संतोष ने दूसरे दिन भी की गहन पड़ताल

**– स्टेट इंचार्ज राधामोहन सिंह भी हैं साथ**

**– सरकार और संगठन के साथ की अलग–अलग बैठकें**

लखनऊ,(यूएनएस)। बीएल संतोष को जबतक मिशन–2022 को लेकर सन्तोष नहीं मिलेगा, तबतक सरकार और संगठन की नब्ज देखते रहेंगे। यू पी के सिंघासन पर कब्जा बनाये रखने को पार्टी कोई कसर बाकी रखने वाली नहीं है। बारा लखनऊ आये हैं, हर कील कांटा दुरूस्त हो जाये,इसलिए क्लास ले रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी सरकार और संगठन किस तरह काम करे ताकि मिशन 2022 फतेह हो सके। आज मंगलवार को राष्ट्रीय महासचिव संगठन बीएल संतोष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के प्रभारी राधामोहन सिंह भाजपा के प्रांतीय कार्यालय में संगठन के लोगो के साथ बैठके की। बीएल संतोष और राधामोहन सिंह ने आज पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ खासकर मंथन के लिए कहा। जिसके ऊपर 8 क्षेत्रीय अध्यक्षों की बैठक हुई जो काफी देर चली। क्षेत्रवार जानकारी ली और उनकी दृष्टि में होने लायक सुधार के लिए मशविरा भी लिया। मन्त्रियों की परफॉर्मेंस की भी तफ्सील से जानकारी ली। यह दो दिनी मैराथन बैठकों के गूढ़ मायने निकलेंगे। पीएम ,गृहमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने सन्तोष की रिपोर्ट दाखिल होगी, उसी के बाद 2022 के चुनाव की रणनीति फाइनल होगी। प्रदेश कार्यसमिति की होने वाली बैठक पर भी सम्भवतः गुफ्तगू हुई। इस बार का दौरा पिछले दौरे से कम खास नहीं है। संतोष फिर अपनी रिपोर्ट हाईकमान को पेश करेंगे। अब ज्यों ज्यों चुनाव निकट आयेगा त्यों त्यों के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह के दौरे शुरू ही नहीं तेजी पकड़ेंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष और यूपी के प्रभारी राधामोहन सिंह कल सुबह करीब दस बजे लखनऊ पहुंचे थे। आरएसएस कार्यालय निराला नगर में संघ के पदाधिकारियों के साथ करीब तीन घंटे बैठक की। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल भी मौजूद थे। संघ से फीडबैक लेकर कल ही शाम की मुख्यमंत्री आवास पर गहन मन्त्रणा की।यहां भी लगभग तीन घंटे बैठक चली। बैठक में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री संगठन और दोनों डिप्टी सीएम रहे। एक मुख्य एजेंडा रहा 2022में होने वाले विधानसभा का चुनावी रोडमैप तैयार करना।

## गलत प्रस्ताव, पदों की समाप्ति की आशंका से वाणिज्य कर के अधिकारी कर्मचारी एकजुट

लखनऊ,(यूएनएस)। एक टैक्स प्रणाली को लागू हुए चार वर्ष बीत गए है। देश के अधिकाधिक राज्यों में नई टैक्स प्रणाली के अनुसार स्टेक्चर गठन कर लिया गया है लेकिन उत्तर प्रदेश में अब तक पुरानी व्यवस्था लागू है। विभाग के कतिपय अधिकारियों 59 लाख की राशि खर्च कर आईआईएम की रिपोर्ट को दरकिनार कर भेजे गए प्रस्ताव से पदों के अधिकाधिक घटाए जाने की आशंका से नाराज वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी कर्मचारी संगठनों ने अब कमिश्नर को पत्र लिखकर आईआईएम रिपोर्ट के अनुसार कैण्डर रिस्टक्चरिंग के क्रियान्वयन मांग रखी है। उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी संघ ने प्रदेष के मुख्यमंत्री से अविलम्ब जीएसटी व्यवस्था के तह्त कार्य करने के लिए आईएमएम की रिपोर्ट तत्काल विभाग में लागू करेन की मांग की है। उनका कहना है किगुड्स एण्ड सर्विस टैक्स व्यवस्था को लागू हुए तीन साल से अधिक का समय बीत गया है। इसके परिपेक्ष्य में देष में केवल उत्तर प्रदेश को छोड़कर कैडर स्टिक्चरिंग हो चुकी है। ऐसा न होने से प्रदेश में लगभग 8000 कर्मचारी अधिकारी बिना कार्य आवंटन के जीएसटी अवधि में काम कर रहे है।

## बिना कागजात के संचालित हो रही फर्नीचर की दुकानें

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। कोल्हुई थाना क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों गांवों में इस समय लकड़ी का कारोबार अपना पांव तेजी से पसार चुका है। जहां से शीशम, सागौन और साखू लकड़ी के बने दरवाजे, जंगले आदि शहरी क्षेत्र में भी भेजे जा रहे है। वहीं फर्नीचर का कारोबार करने वालों के यहां आखिर वेशकीमती लकड़ी इतनी आसानी से कहां से मिल जाती है। जबकि किसी के पास लकड़ी के रखरखाव के अलावा कोई अन्य सही कागजात नहीं है। जिससे इन धंधेबाजों का धंधा तेज गति से जांच के आभाव में फल फूल रहा है। इसकी सबसे बड़ी लकड़ी मंडी कोल्हुई थाना क्षेत्र में है। जो नेपाल के अलावा गोरखपुर, महराजगंज, नेपाल से जुड़ा होना है। जहां जांच कौन करे यह सवाल वर्षों से लटका ? लगभग सभी छोटे– बड़े चौराहे या गांव में भी लकड़ी का कारोबार इन दिनों तेजी से बढ़ रहा है। आखिर इन लकड़ी कारोबारियों को इतनी आसानी से वेशकीमती लकड़ियां शीशम,सागौन और साखू कहां से मिल जाती है। जिसका चिरान भी आसानी से हो जाता है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से दरवाजा जंगला, सोफा, कुर्सी मेंज और अन्य जरुरत के सामान आदि बनाकर जगह–जगह ऊंचे दामों में बेंचा जाता है। यहां तक कि नेपाल और सिद्धार्थनगर जनपद को भी आपूर्ति धड़ल्ले से हो रही है।

## मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में बैठक

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में प्राथमिक विद्यालय व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की काया कल्प योजना मिशन के अन्तर्गत बी एस ए, एबीसीए,पंचायत राज अधिकारी, एडीओ पंचायतों के साथ बैठक की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि विद्यालयों की कायाकल्प में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता क्षम्य नही होगी। यह भी ज्ञात हो कि कार्य मानक अनुरूप हो गुणवत्ता में कमी मिली तो कार्यवाहियां सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने निर्देश दिया कि सभी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालयों की सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें,कि किस विद्यालय में क्या कमियां है विद्यालय सत्यापन में 18 बिन्दुओं पर सत्यापन किया जाना है इसे सप्ताह अन्दर सभी विद्यालयों का सत्यापन सुनिश्चित करना है साथ ही साथ आगंनबाडी केन्द्र भवन की भी सत्यापन कर लिया जाये। अधुरे व निमार्णधीन भवन है। स्वच्छ पेय जल मिशन के अन्तर्गत विद्यालय में कार्य पूर्ति में ग्राम प्रधान,ग्राम विकास अधिकारी व विद्यालय अध्यायपक की संयुक्त हस्ताक्षर होने पर ही प्रमाण पत्र मान्य होगा। पर्व में अध्यापक द्वारा एकल हस्ताक्षर अब मान्य नही होगें,उसे निरस्त कर दिया गया है।अब उसे भी संस्था द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर ही कराना होगा। पानी की शुद्धता का जाच करा लिया जाय। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी के बी वर्मा, बी एस ए ओमप्रकाश यादव,सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी,एडीओ पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार सिंह द्वारा टीकाकरण स्थलों का भ्रमण

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। कोरोना मुक्त गांव अभियान के अंतर्गत हरपुर,महुआ महुई और परसिया खुर्द में कोविड टीकाकरण हुआ।18 साल से ऊपर के सभी व्यक्तियो का टीकाकरण हुआ,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार सिंह, डॉ आसमां तबस्सुम, इरसाद ने टीकाकरण स्थलों का भृमण किया,तथा लोगो को टीका लगवाने के लिये प्रेरित किया।टीकाकरण टीम में प्रगति पांडेय, रोशन जहाँ, शीला, किरण भरती, अर्चना,सुमन भस्कर,और आशाएं मौजूद थी।

## गोरखपुर कोविडव–19 वैक्सिनेशन में ऑवल रहा खजनी पीएचसी

**– पहले चरण में पीएचसी के सोलह टीमो ने 2950 लोगों का किया टीकाकरण**

अमिट रेखा

शक्ति ओम सिंह खजनी गोरखपुर

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश सरकार कोरोना वैक्सिनेशन को लेकर अभियान के माध्यम से जीरो टारगेल का लक्ष्य बनाए मुहिम चला रही है । उसी कड़ी खजनी पीएचसी वैक्सिनेशन में नंबर एक पर रहा है । कोरोना के तीसरी लहर को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार जो कदम उठाया है ।वास्तव में खजनी पीएचसी के भांति प्रदेश में होड़ लगी रहे , तो कोरोना दूर दूर तक नजर नही आएगा । अपने लक्ष्य से अधिक वैक्सिनेशन करने वाला पीएचसी के 16 टीमो ने महज एक दिन में 2950 टीकाकरण करके अपने मेहनत का प्रमाण दे दिया । खजनी प्रभारी चिकित्साधिकारी प्रदीप त्रिपाठी ने बताया खजनी ब्लाक में 21 व 22 के तिथि में 16 गांव वैक्सिनेशन के लिए चयनित रहा। आज हमारी स्वाथ्य टीमें 2950 लोगो का टीकाकरण कर जनपद में पहला स्थान पर ला दिया । अपने टीम को बधाई देता हूं । इसी तरह टीम लगी रही हम जीरो टारगेट तक जाने में देर नही होगी । शत प्रतिशन वैक्सिनेशन कर सरकार के मुहिम में कामयाब बनाने पर सफल होंगे।

# डीपीआरओ के आदेश पर हुवा समितियों का गठन



अमित रेखा – अजय तिवारी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। कुशीनगर जिले के विकासखंड विशुनपुरा के ग्राम पंचायत मिठहा माफी के निर्वाचित सदस्यों की शिकायत पर जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देश पर गांव पहुंचे सचिव ने पुनः खुली बैठक कर ग्राम विकास समितियों का गठन किया। स्थानीय निर्वाचित सदस्य व भाजपा मंडल महामंत्री विश्वजीत राय व अन्य निर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्यों ने गत दिनों सचिव व ग्रामप्रधान पर मिलीभगत कर गुपचुप तरीके से विभिन्न समितियों का गठन कर लिए जाने की शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की थी, जिस पर हुई जांच के बाद निर्देश के क्रम में ग्राम विकास सचिव ने उक्त गांव में पहुंचकर खुली बैठक कराते हुए विभिन्न विकास समितियों का गठन कराया, जिसका निर्वाचित ग्रामपंचायत सदस्यों पुनीत राय, हिमांशू, नन्दकिशोर, साबिर, फेंकू, कयामुद्दीन, सुलेमान आदि ने स्वागत किया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव अशोक कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश के क्रम में खुली बैठक कर विभिन्न समितियों का गठन आज कर दिया गया है।

# कोल्हुई उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल टीम ने योग कर किया लोगो को जागरूक

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। कोल्हुई , विश्व योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कोल्हुई नगर अध्यक्ष श्रीराम जायसवाल व युवा अध्यक्ष देव अग्रहरि के नेतृत्व में कस्बे के व्यापारियों ने कोल्हुई स्थित यश इंटरनेशनल होटल के हरीभरी मैदान में योग कर लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। ज्ञात हो उक्त कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ संरक्षक योगेन्द्र सिंह ने कहा कि नियमित योग करने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है,कोरोना जैसी भयानक महामारी से निपटने के लिए भी योग एक कारगर उपाय है वही वरिष्ठ युवा सरंक्षक भाई उपेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान में कोरोना जैसे महामारी पर विजय प्राप्ति का मूल मंत्र योग ही है जिसके द्वारा हम कोरोना को हरा सकते है,यदि नियमित एक घण्टे योग के लिए समय निकाला जाए तो निश्चित रूप से हमारा मन, मस्तिष्क स्वस्थ्य रहेगा। उक्त कार्यक्रम में योग



प्रशिक्षक व संगठन के युवा विधि सलाहकार राममिलन जायसवाल ने उपस्थित पदाधिकारियो/व्यपारियो को योग के विभिन्न अभ्यास जैसे,कपाल भाती, अनुलोम, विलोम, भ्रामरी,तितलिआसन, पद्मासन, सूर्य नमस्कार,भुजंगासन, शीर्षासन, इत्यादि कराकर लोगो को उससे होने वाले त्वरित लाभ से भी अवगत कराया साथ ही समाज के सभी लोगो से नियमित योग करने के लिए अपील किया। उक्त कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष व युवा अध्यक्ष समेत संरक्षक योगेन्द्र सिंह ,भाई उपेन्द्र सिंह, दुर्गेश मिश्रा, दीनदयाल चौबे ,राममिलन जायसवाल, संजय पांडेय (प्रताप इलेक्ट्रॉनिस),कृष्ण शंकर उपाध्याय,अभिषेक रोनीयार ,रवि गौड़,नरेंद्र सिंह,गणेश मद्धेशिया ,महेश अग्रहरि ,इमरान खान,ब्रिजलेश गुप्ता,मनीष वर्मा , मोहन प्रजापति,अजीज खान, आसिफ खान, असलम खान,मुकेश शुक्ला,बृजेश जायसवाल,राकेश यादव, पवन कसौधन,पवन अग्रहरि,डॉक्टर विवेक मिश्रा, सेराज खान,पप्पू मोदनवाल आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# नेहरू युवा केन्द्र महरजगंज के द्वारा विश्व योग दिवस मनाया गया

अमित रेखा – दुर्गेश कुमार यादव

धानी – महराजगंज। नेहरू युवा केन्द्र महराजगंज (उ० प्र) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में



नेहरू युवा केन्द्र महराजगंज की जिला युवा अधिकारी सुश्री सीमा पाण्डेय महोदया एवं लेखालिपिक श्री विरेन्द्र प्रताप सिंह जी के दिशानिर्देशन में और धानी ब्लाक के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक (एन०वाई०वी) शैलेन्द्र यादव के नेतृत्व में नेहरू युवा मण्डल बरडाड़ के द्वारा 7 वां विश्व योग दिवस मनाया गया साथ ही सभी लोगो को एन० वाई० वी शैलेन्द्र यादव द्वारा योग कराया गया साथ ही योग से होने वाले फायदे के बारे में भी सभी को बताया और सभी लोगो से अनुरोध किया कि केवल योग विश्व दिवस पर ही नही बल्कि योग प्रतिदिन योग करे और अपने को स्वस्थ्य व सुखद जीवन जिये। इस अवसर पर एन०वाई०वी शैलेन्द्र यादव व नेहरू युवा मण्डल के अखिलेश शैलेष अतुल अजय सूरज योगेन्द्र कमलेश अविनाश इत्यादि।

# दावत खाने जा रहे पूर्व ग्रामप्रधान के बाइक में बोलेरो ने मारा ठोकर

अमित रेखा – अजय तिवारी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। जनपद के नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर में स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोल पंप के ठीक सामने रविवार की रात नौ बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक घायल हो गया। घटना के बाद बोलेरो चालक कूदकर भागने में सफल रहा । महराजगंज जनपद के श्यामदेउरवा थानाक्षेत्र के गांव बड़हरा बैरिपार से UP56M 3345 नम्बर की सफेद रंग की बोलेरो खड्डा थानाक्षेत्र के खड्डा बाजार में बारात लेकर जा रही थी। जैसे ही गाड़ी नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर में स्थित हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के पास पहुची उसके आगे जा रहे बाइक नम्बर UP57H 3976 हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस से एक तिलक समारोह में अकेले ही दावत खाने जा रहे परसौनी गांव निवासी पूर्व ग्रामप्रधान दीपनारायन चौधरी (58वर्ष) को पीछे से ठोकर मार दी। प्रत्यदर्शियों के मुताबिक बोलेरो के तीव्र गति होने के कारण गाड़ी सड़क पर अनियंत्रित होकर चल रही थी, जिससे यह घटना घट गई। घटना के तत्काल बाद बोलेरो चालक गाड़ी लेकर भागने का प्रयास किया पर बाइक बोलेरो के आगे बुरी तरह से फंसे होने के कारण चालक असफल रहा, और गाड़ी वही पर छोड़कर स्वयं को भागने में सफल रहा। खबर लिखे जाने तक इस दुर्घटना में घायल हुवे पूर्व ग्रामप्रधान को नौरंगिया स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। और मौके पर ही बोलेरो लावारिश स्थित में खड़ी थी। बोलेरो में सवार सभी बाराती काफी देर बाद आये दूसरे वाहन से बारात गये।



**'दुर्घटनाओ का मुख्य केंद्र बना लक्ष्मीपुर स्थित नहर चौराहा'**

नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव से सटे एनएच28बी के किनारे स्थित पेट्रोल पंप, आईएफसी गोदाम और धर्मकांटा के एक ही पास होने के नाते आये दिन अकसर यहा पर भीड़ होते रहते है। और इसी भीड़भाड़ में चकमा खाकर वाहन आपस मे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है। वैसे 24मई से लेकर रविवार की रात तक एक ही जगह के इर्दगिर्द हुई 4घटनाओ में 2की मौत और 7लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये है, इन घायलों में स्थानीय थाना में ही तैनात दो कांस्टेबल भी शामिल है।

इस जगह पर छोटी बड़ी लगातार हो रही दुर्घटना के बाद भी स्थानीय प्रशाशन कुम्भकर्ण के ही तरह निन्द्रावस्था में पड़ा हुवा है। जबकि स्थानीय ग्रामीणों के एक समूह के द्वारा यहा पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की जा रही है।

# लार पुलिस चौकी से 100 मीटर दूर मोबाइल की दुकान में चोरी

अमित रेखा लार देवरिया। लार बाजार में मोबाइल वर्ड जो



की मोबाइल की दुकान है जो की बीते रात चोरों ने पीछे से तोड़कर दुकान का सारा सामान चोरी कर लिए ये दुकान लख्खू मोड़ से पुलिस चौकी के बीच में जो की पुलिस चौकी से सटे 100 मीटर की दूरी पर चोरों ने अपना हाथ साफ कर दिए तो बाजार का क्या हाल होगा विनय कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना दिया हूं।

# दो चचेरी बहनों की डूबने से मौत क्षेत्र में पसरा मातम

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। महराजगंज जनपद के सिसवा नगरपालिका बेलवां चौधरी में सोमवार की शाम एक ईंट–भट्ठे के पास गड्ढे में नहा रहीं दो चचेरी बहनों की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मांग पर दोनों के शव पंचनामे के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया।बेलवां चौधरी निवासी शमां (10) पुत्री जमालुद्दीन व उसकी चचेरी बहन शबीना (11 ) पुत्री कमालुद्दीन गांव के कुछ बच्चों के साथ सोमवार की शाम एक ईंट–भट्ठे के पास बकरी चराने गई थीं। पास में ही एक गड्ढे में बारिश का पानी भरा था। उसमें साथ गए कुछ बच्चे नहाने लगे। यह देख शमां भी गड्ढे में उतर कर नहाने लगी। कुछ ही देर में शमां डूबने लगी, जिसे देख शबीना उसे बचाने के लिए गड्ढे में कूद पड़ी। कुछ ही मिनटों में दोनों ने गड्ढे में ही दम तोड़ दिया। साथ गए एक बच्चे ने इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे शबीना के भाई इरफान व परिजनों ने दोनों के शवों को बाहर निकाला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गई।

# बाल विकास परियोजना अधिकारी ने केंद्रो का किया निरक्षण दिया आवश्यक निर्देश

अमित रेखा – नन्हे तिवारी

बघौचघाट–देवरिया। देवरिया जिले के विकास खण्ड पथरदेवा में बाल विकास परियोजना अधिकारी सुषमा दुबे द्वारा रेंडमली 5



केंद्रों का निरीक्षण किया गया और वजन पंजिका से मिलान करते हुए बच्चों के वजन एवं लम्बाई की जांच की गई। विदित हो कि दिनांक 17.06.21 से 24.06.21 तक सघन वजन अभियान चलाकर सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने सर्वे क्षेत्र के सभी 0 से 5 वर्ष के बच्चों का वजन करना है। और इसकी रिपोर्ट तैयार कर तुरंत बाल विकास परियोजना कार्यालय में जमा करना है जिससे कि रिपोर्ट ऑनलाइन हो सके।सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बच्चों को रंगों, अंकों, आदि का ज्ञान कराने के लिए सामग्री बाल विकास कार्यालय से दी जा रही है और एक बक्सा भी जिसमे वो अपना सामान भी रख सके और सामान गायब न हो। इन गतिविधियों को छोटे बच्चों को कराने से उनके मानसिक, भावनात्मक, संवेगात्मक, एवं शारिरिक गतिविधियों का विकास होगा।ब्लाक पथरदेवा में 44 पुरूष तो 32 महिला ग्राम प्रधान भी चयनित हुई है, महिलाओं की सबल भागीदारी को देखते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी ने सभी ग्राम प्रधान भाई बहनों से अपील किया है कि आप आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाकर बच्चों का वजन करवाये और अतिकुपोषित बच्चों के बारे में जानकारी ले तथा उनके अभिभावकों को जो 45 हैं या 18 है जाकर हर हाल में टीका लगवा ले जिससे बच्चे का जीवन और सुरक्षित हो सके।

# कार्यालय कक्ष में गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी सिसवा बाजार, गडौरा, कप्तानगंज , पिपराईच के साथ बैठक कर समीक्षा की गयी। बैठक में गडौरा मिल द्वारा वर्ष 2017–18 की बकाया मूल्य 191. 75 लाख का भुगतान नही होने पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए 10 दिन का समय दिया है। भुगतान की निगरानी गन्ना अधिकारी जगदीश चन्द यादव को दिया तथा भुगतान नहीं होने पर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया। वर्तमान सीजन में भी गन्ना मूल्य भुगतान अच्छी नहीं है। सिसवा बाजार,पिपराईच मिल द्वारा वर्तमान समय में अभी तक लगभग 85 व कप्तानगंज ने 82 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। कप्तानगंज द्वारा मात्र 40 प्रतिशत ही भुगतान किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा कप्तानगंज सहित सभी गन्ना मिलरो को निर्देश दिया कि अवशेष गन्ना मूल्य का यथाशीघ्र भुगतान किया जाय। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी जगदीश चन्द यादव,सिसवा बाजार कर्मवीर सिंह,पिपराईच से सीताराम भारद्वाज, कप्तानगंज के अखिलेश सिंह, गडौरा के दीनदयाल पाण्डेय उपस्थित रहे।



# ग्राम सभा दलापुर विकास से कोसों दूर ग्रामवासी कीचड भरे रास्ते से आने जाने को मजबूर

**– आने वाले विधानसभा चुनाव करेंगे ग्रामीण पाकिस्तान रोड नहीं तो वोट नहीं**

अमित रेखा प्रतापगढ व्यूरो। पट्टी तहसील के विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम के ग्राम सभा दलापुर आजादी के बाद से आज तक विकास से कोसो दुर है जिसके कारण आज भी ग्राम वासियों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है लोगों का कहना है संपर्क मार्ग से गांव तक जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है उबड खाबर मिट्टी के पगडंडियों से होकर ग्राम वासियों को अपने घरों तक गुजरना पडता है बारिश के समय में तो पैदल चलना दूभर हो जाता है लोगों को कीचड़ से होकर कही कही बीच मे तालाब जैसे बने गढ़ढो मे होकर घरों को जाना पड़ता है जबकि ग्राम वासियों ने कई बार इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक की परंतु इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जबकि प्रत्येक पंचवर्षीय चुनाव में प्रधान चुने जाते हैं लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नही देते है स्थानीय लोगों ने मांग किया है कि ग्राम सभा के संपर्क मार्ग का निर्माण विधायक मंत्री व सांसद कराएं अन्यथा आने वाले चुनाव का ग्राम वासियों वहिष्कार करेंगे।



# निरिक्षण करने पहुचे जिलाधिकारी स्वास्थ्य सेवाओ का लिया जायजा

अमित रेखा – सुगन्ध गुप्ता

बनकटा बजार – कुशीनगर। जिलाधिकारी कुशीनगर ने विकास खण्ड के कोइलसवा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं व कोरोना टीकाकारण का हाल जाना। इस दौरान उक्त गांव में ही सोमवार को पायलट प्रोजेक्ट के तहत बनाये गये चौदह कोरोना टीकाकारण बूथों पर समय से टीका नहीं पहुचने पर काफी नाराजगी जताई। सोमवार को दिन के बारह बजे जिलाधिकारी एस राज लिंगम विकास खंड के कोइलसवा पीएचसी का औचक निरीक्षण करने पंहुचे। सबसे पहले दवाइयों के बारे में जानकारी लिया। इसके बाद पूरे स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। वहां तैनात डॉ. रविशंकर सिंह ने प्रसूता महिलाओं के इलाज के बारे में जानकारी लिया तो बताया गया कि जनरेटर और अन्य कमियों के वजह से यहां प्रसव नहीं कराया जाता है तो उन्होंने कहा की एक माह के अंदर यहां जनरेटर व बड़े सोलर की ब्यवस्था कर प्रसव कार्य शुरू कर दिया जायेगा। इसी दौरान किसी ने बताया कि आज इस गांव के सभी टोलों में कोरोना का बिशेष टीकाकारण होना है लेकिन अबतक टीका नहीं पहुचने से टीकाकारण शुरू नहीं सका। इसके बाद बगल के एक केंद्र पर पहुच इसकी जानकारी लिया तथा फाजिलनगर अधीक्षक डॉ एएन गुप्ता पर नाराजगी जताते हुए तत्काल टीका उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए चेतवानी दिया कि अगले दिनों से समय से टीका टीकाकारण केंद्र पर नहीं पहुचता है तो जिम्मेदारों कठोर कार्यवाही किया जायेगा।



# पुरानी रंजिश में युवक को मारपीट कर किया घायल

अमित रेखा प्रतापगढ ब्यूरो। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सपा छात्र गांव में पुरानी रंजिश को लेकर युवक को दौड़ा–दौड़ा कर मारा पुलिस से लगाई गुहार। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गांव सपहा छात निवास में दुर्गावती सिंह पत्नी लाल प्रताप सिंह ने कोतवाल पट्टी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि बीते 19 जून को पुरानी रंजिश को लेकर मेरे बेटे अमित सिंह को गांव के रिसूसिंह व सौरभ सिंह दौड़ा–दौड़ा कर मारापीट और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए आज सुबह फिर घेराबंदी किए हुए थे मुझे आशंका है कि किसी भी समय मेरे साथ कोई अपनी घटना घटित हो सकती है पुलिस मामले की जांच में जुटी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय

सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो०– 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक– निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।